Shri Maurya : The Prime Minister had promised that sufficient notice would be given to the dwellers before jhuggis and Jhoparies are demolished and they would be settled permanently on plots of 80 sq. yards each direct without keeping them in transit camps. Will the hon. Minister make these arrangements accordingly ?

Shri Mehr Chand Khanna : As far as promise made by the Prime Minister is concerned, this information is wrong. As regards demolition of Jhuggis, I may point out that Jhuggis and Jhoparies Removal Scheme is being implemented very sympathetically.....

Shri Maurya : Do not make a wrong statement.

Shri Mehr Chand Khanna : Being a resident of Delhi, I know better than the hon. member who is a resident of Aligarh.

We are running this scheme very sympathetically. There are about 60,000 families. I am acquiring land for them from the Zamindars and plots of 25 and 80 sq. yards each are being given to them. Even then you are angry with us.

Shri Maurya : These are about 10,000 houses in Ram Nagar, Multani Dhanda, Gali Nabi Karim and Paharganj and they are there for the last 14-15 years. May I know whether such notices have been served on the dwellers that they should pay the damages for this. They are being looted by Police. 30 to 50 thousand noitces have been served on them.

Shri Mehr Chand Khanna : It is very difficult to give reply unless a question is asked about a specific colony. My difficulty is this that hut dwellers are compelling me that they should be removed soon so that they could get land at nearby places. Whatever the hon. Member has said, it is not my experience.

Shri Maurya : My point has not been answered. I have a copy of the notice which has been served on 10,000 people of Paharganj area to pay damages to the tune of Rs. 30,000 to Rs. 50,000. They are being displaced. They are being looted by policemen.

Mr. Speaker : He says it is not correct.

Shri Maurya : Will this be checked ?

Mr. Speaker : You please take your seat.

श्री शिवचरण गुप्त : झुग्गी और झोंपड़ी हटाने की योजना के अन्तर्गत कितने परिवारों के लिये अब तक वैकल्पिक आवास की व्यवस्था की गई है और उन में से कितनों को 80 वर्ग गज़ के और कितनों को 25 वर्ग गज़ के प्लाटों पर बसाया गया है ? और ऐसे कितने परिवार हैं जो 25 वर्ग गज़ के प्लाटों के लिये पात्र नहीं हैं ?

श्री मेहरचन्द खन्ना : मुझे इतना याद है कि 25 वर्ग गज़ के लगभग 15,000 प्लाटों का विकास किया गया है । इसी प्रकार हम ने 80 वर्ग गज़ के 4,000 प्लाटों का विकास किया है । हम 3,000 से 4,000 मकानों का निर्माण भी कर रहे हैं ।

मेरी कठिनाई यह है कि जब हम किसी खंड में से झुग्गियों को हटाते हैं तो उन में रहने वाले पात्र तथा अपात्र दोनों तरह के लोग होते हैं और जब तक हम उन सब को उठा नहीं देते तब तक समस्या पहले की तरह बनी रहती है । अत: हम उनके लिये भी आवास की व्यवस्था कर रहे हैं जो अपात्र हैं, परन्तु हम नहीं चाहते कि उन को पात्रों के बराबर समझा जाये क्योंकि इस तरह तो सारी दिल्ली अनधिकार वासियों का स्वर्ग बन जायेगी ।

80 वर्ग गज़ के प्लाटों पर 3,000 से 4,000 परिवार तथा 25 वर्ग गज़ पर लगभग 15,000 परिवार बसाये गये हैं ।

श्री रंगा : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि सरकार ने स्वयं 80 वर्ग गज़ के प्लाट देने के पक्ष में निर्णय किया था, अब वे उन्हें आरम्भ में 25 वर्ग गज़ के प्लाट दे कर उन्हें पुन: झुग्गी बनाने के लिये उत्साहित करने और तत्पश्चात् उन्हें पुन: एक अन्य स्थान पर भेजना क्यों चाहते हैं ? इससे

उन्हें काफी कठिनाई हो रही है । पहले तो उन की झुग्गियों को हटाया जा रहा है, उन को पुन: 25 वर्ग गज़ के प्लाटों पर झुग्गियां बनाई जायेंगी और तीसरी बार उन्हें पुन: विस्थापित किया जायेगा । इससे बचने के लिये क्या कुछ नहीं किया जा सकता ।

श्री मेहर चन्द खन्ना: : माननीय सदस्य ने जो कुछ कहा है उसमें कुछ बल है । मेरी समस्या आज यह है कि मुझे 20,000 एकड़ भूमि चाहिये । इसी भूमि का अधिग्रहण करना होता है और फिर उसका विकास करना होता है । इस बीच में यह समस्या बढ़ती जा रही है । अत: जो कुछ आज हम कर रहे हैं वह यह है कि दिल्ली में एक झुग्गी औसतन 10 से 12 वर्ग गज़ पर बनी हुई है । हम उन्हें 25 वर्ग गज़ दे रहे हैं । उन क्षेत्रों में हम यह भी व्यवस्था कर रहे हैं कि अन्ततोगत्वा तीन प्लाटों को मिला कर 80 वर्ग गज़ का एक प्लाट बनाया जाये । यदि मैं आज 80 वर्ग गज़ के प्लाटों का विकास करने के लिये प्रतीक्षा करने लगूंगा तो इस पर बहुत समय लगेगा और समस्या इतनी बढ़ जायेगी कि यह काबू से बिल्कुल बाहर हो जायेगी ।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : The hon. Minister just said that Government are arranging to displace those people who were there since 1960. I want to know whether Government will give loan for construction of houses to those people whose names are there in the Electoral list of 1962 or they will be settled in 8 or 9 storeyed houses ?

Shri Mehr Chand Khanna : As far as their displacement is concerned, I would like to submit that it has become a habit now-a-days that even if a good thing is done, it is said to be bad. The second thing that I said is this that we are going to settle them and they are with us as far as this matter is concerned. My third difficuilty is this that the hon. Members want to see that those areas from where they have come, are vacated and the people of these areas settled in Delhi.

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : My question was whether Government are considering to give loans to those people or whether government want to settle them in 8 or 9 storeyed houses ?

Shri Mehr Chand Khanna : We will not give any loan. There will he expenditure of Rs. 3,000 to Rs. 4,000 on the plots which are being given.

श्री नाथ पाई : अध्यक्ष महोदय, जिस प्रकार गिराने वाले स्क्वाड द्वारा झुग्गियों को गिराया जाता है इस के वृत्तान्तों को पढ़ने से एक दुखद तस्वीर का आभास होता है ; गिराने वाला स्क्वाड झुग्गियों और झौंपड़ियों पर इतने अनावश्यक उत्साह तथा शक्ति से टूट पड़ता है मानों वह दिल्ली में किसी शत्रु राज्य क्षेत्र पर आक्रमण कर रहा हो । क्या मैं जान सकता हूं कि इस खेदजनक कार्य को करने से पूर्व, जैसाकि अन्य माननीय सदस्यों ने भी कहा है, यह देखने के लिये कदम उठाये जायेंगे कि उन को वैकल्पिक स्थान दिया जाये और गिराने वाले स्क्वाड द्वारा कम से कम, जितना कि आवश्यक हो, बल प्रयोग किया जाये ।

श्री मेहरचन्द खन्ना : हम कोई बल प्रयोग नहीं करते हैं । (**अन्तर्बाधाएं**)

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : श्रीमन्, वह क्या कह रहे हैं ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : जो कुछ मैं कहना चाहता हूं उसे मुझे पूरा कर लेने दीजिये । मैं जानता हूं कि मैं क्या कर रहा हूं ।

अध्यक्ष महोदय: : उन्हें अपना वाक्य पूरा कर लेने दीजिये । हो सकता है वह इस में अदला बदली करें अथवा उसमें कुछ और जोड़ें ; अंग्रेजी भाषा ही ऐसी है . . **(अन्तर्बाधाएं)**

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : The people have been killed Besides this, day before yesterday a pregnant woman gave birth to a child 10 minutes after she was put into the truck after demolishing the Jhuggie...

Mr. Speaker : Order, Order. Please take your seat and listen.

Shri Maurya : The Jhuggie dwellers have been treated very badly and..

Shri Mehr Chand Khanna : I would come to Aligarh.

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : वह बहुत उत्तेजक मंत्री हैं।

श्री मेहरचन्द खन्ना : मैं बहुत उत्तेजक मंत्री हूं । मैं यहां कई वर्षों से हूं । मैं यह सब जानता हूं । मैं इन बातों में नहीं पड़ना चाहता हूं । मुझे प्रश्न का उत्तर देने दीजिये । मैं जो कुछ कहने का प्रयत्न कर रहा हूं वह यह है । **(अन्तर्बाधाएं)**

श्रीनाथ पाई : में उत्तर की प्रतीक्षा कर रहा हूं ।

श्री मेहर चन्द खन्ना : हम कोई बल प्रयोग नहीं करते । हम ट्रकों की व्यवस्था करते हैं और उन्हें ट्रकों में ले जाते हैं। जहां तक इस मामले के बारे में किसी कठिनाई का सम्बन्ध है, यदि कोई ऐसा मामला जिसमें किसी झुग्गी वाले के साथ बुरा व्यवहार किया गया हो, मेरे ध्यान में लाया जाये तो मैं उस मामले पर विचार करने के लिये तैयार हूं ।

श्री मौर्य : ऐसे हजारों मामले हैं। मैं आपको इनके बारे में बताऊंगा।

There are thousands of such cases. You come along with me, I can show you such cases.

Shri Mehr Chand Khanna : Not now, but I would go along with him to see all this. After all, I have been elected from Delhi; I would like to see this myself.

प्रश्नों के लिखित उत्तर
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

दामोदर घाटी निगम के बांध

*1079. **श्री मुहम्मद इलियास** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) श्री बूरदुईन द्वारा दामोदर नदी के एकीकृत विकास संबंधी अपने प्रारम्भिक ज्ञापन में किये गये उल्लेखानुसार दामोदर घाटी निगम के तिलैया, कोनार, मैथन तथा पंचेट हिल बांधों से बाढ़ नियन्त्रण, सिंचाई तथा विद्युत के लिये कितनी-कितनी मात्रा

में जल निर्धारित किया गया है और इस समय कितनी मात्रा में पानी उपलब्ध है और उपरोक्त तीनों प्रयोजनों में से प्रत्येक के लिये कितनी मात्रा में जल नियत किया गया है जिस के आधार पर कि बांध की लागत उनके बीच बांटी गई है ;

(ख) यदि योजनाबद्ध मात्रा तथा वास्तविक मात्रा में कोई अन्तर है तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) मूल योजना के अनुसार खरीफ तथा रबी की फसल की सिंचाई के लिये सिंचाई की संभावनाएं क्या हैं और बांधों के पूरे होने के बाद वर्तमान स्थिति क्या है और यदि कोई अन्तर है, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या मूल योजना में नौवहन तथा औद्योगिक जल परियोजनाओं का भी उल्लेख है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) से (घ). अपेक्षित जानकारी का विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 4305/65]**

विद्युत् खनन पर केन्द्रीय नियन्त्रण

*1084 **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री रामेश्वर टांटिया :

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ राज्यों ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है कि विद्युत् जनन के लिये सीधी जिम्मेदारी केन्द्र की हो ; और

(ख) यदि हां, तो उन राज्यों के नाम क्या हैं और इस पर केन्द्र की क्या प्रतिक्रिया है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) जी, हां ।

(ख) राष्ट्रीय विकास परिषद् की उद्योग, बिजली और परिवहन संबंधी उप-समिति की 2 जनवरी और 23 फरवरी, 1965 को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और मैसूर राज्यों की सरकारों के प्रतिनिधियों ने केन्द्र द्वारा विद्युत् जनन के विचार का साधारण रूप से समर्थन नहीं किया था ।

इस विषय पर और वार्तालाप करने का विचार है ताकि किसी फैसले पर पहुंचा जाए ।

विदेशी बैंकों में भारतीयों के खाते

*1087. **श्री हरि विष्णु कामत** : क्या **वित्त** मंत्री विदेश जाने वाले भारतीय व्यापारियों को विदेशी मुद्रा देने के बारे में 8 अप्रैल, 1965 के तारांकित प्रश्न संख्या 790 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ भारतीयों के विदेशी बैंकों में खातों के बारे में समय समय पर मिलने वाली जानकारी, 'पर्याप्त जानकारी', के आधार पर इस मामले की कोई जांच की गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या परिणाम निकला ; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) से (ग). 1964 में प्रवर्तन निदेशक (एनफोर्समैंट डायरेक्टर) ने विदेशी बैंकों में खाते रखने के बारे में 14 मामलों का फैसला किया ।

नामरूप तापीय बिजली घर

*1088. **श्री प्र० चं० बरुआ** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नामरूप तापीय बिजली घर हाल ही में चालू कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण और इस की स्थापना पर कितना व्यय हुआ है और उस में कितनी विदेशी मुद्रा सम्मिलित है ; और

(ग) संयंत्र की बिजली बनाने की क्षमता क्या है और इस से किन-किन क्षेत्रों को बिजली दी जायेगी ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) जी, हां ।

(ख) अनुमित लागत 813.51 लाख रुपये (केवल उत्पादन भाग) है और इसमें विदेशी मुद्रा का भाग 80 लाख डालर (381.6 लाख रुपये) है ।

(ग) ताप केन्द्र की उत्पादन क्षमता, इसके प्रथम चरण के पूर्ण होने पर, 69 मैगावाट होगी और इसमें 23–23 मैगावाट के तीन यूनिट होंगे । इस केन्द्र से नामरूप क्षेत्र में भिन्न-भिन्न उद्योगों को और तिनसुकिया, माकूम, डिब्रूगढ़, दुमूमा, शिवसागर, डिगबोई, जोरहट, मेरियानी और गोलाघाट के समीपवर्ती क्षेत्रों को भी बिजली दी जाएगी ।

आय का केन्द्रीयकरण

*1089 **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती** :
श्री दाजी :
श्री वारियर :
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय व्यावहारिक अर्थ-शास्त्र अनुसन्धान परिषद् द्वारा किये गये आय वितरण के सवक्षण से पता चला है कि अमरीका और ब्रिटेन की अपेक्षा भारत में आय का केन्द्रण अधिक मात्रा में है;

(ख) क्या शहरी क्षेत्रों में आय की असमता अधिक बड़ी मात्रा में है ; और

(ग) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति आय शहरी क्षेत्रों की आय से लगभग आधी है ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) से (ग). जी हां। राष्ट्रीय व्यावहारिक आर्थिक अनुसन्धान परिषद् (नेशनल कौंसिल आफ एप्लाइड इकोनामिक रिसर्च) द्वारा की गयी समीक्षा के ये परिणाम परिषद् की "आल इण्डिया रूरल हाउसहोल्ड सर्वे 1962"—ग्रामीण और अखिल भारतीय स्तर पर आय के वितरण का संक्षिप्त विवरण—नामक पुस्तक में दिये गये हैं।

भारतीय शान्ति दल

*1091. **श्री प्र० चं० बरुआ:**
श्री यशपाल सिंह :
श्री कपूर सिंह :
श्रीमती रेणुका बड़कटकी :
श्री पें० वेंकटासुब्बया :
श्री रवीन्द्र वर्मा :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री श्रीनारायण दास :

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार अफ्रीका और एशिया के विकासशील देशों में सेवा के लिए भारतीय शान्ति दल बनाने का है ; और

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित दल के ठीक ठीक कृत्य क्या होंगे और उसके गठन का विवरण क्या है ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता

*1090. **श्री हरि विष्णु कामत :**
श्री राम सहाय पाण्डेय :
डा० चन्द्रभान सिंह :
श्री वाडीवा :
श्री रा० स० तिवारी :
श्री राधेलाल व्यास :
श्री पाराशर :
श्री तुला राम :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री बड़े:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की बढ़ी हुई दरें मंजूर करने और राज्य सरकारों द्वारा अपने कर्मचारियों के महंगाई

भत्ते में तदनुरूपी वृद्धि न करने के कारण राज्य सरकारों के कर्मचारियों में व्यापक असन्तोष उत्पन्न हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार उन राज्य सरकारों को उपयुक्त वित्तीय सहायता देने का है, जो अपने कर्मचारियों को यह वृद्धि मंजूर करने के इच्छुक हैं लेकिन अपने साधन अपर्याप्त होने के कारण ऐसा करने में असमर्थ हैं ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) कुछ राज्य सरकारों द्वारा, समय-समय पर, भारत सरकार को सूचित किया गया है कि इस बात को लेकर उनके कर्मचारियों म असन्तोष है ।

(ख) जी नहीं ।

चीन की छाप वाले सोने का पकड़ा जाना

*1092. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :**
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री हरि विष्णु कामत :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 13 अप्रैल, 1965 को सीमा शुल्क अधिकारियों ने कलकत्ता में पश्चिम जर्मनी के एक पर्यटक से चीन की छाप वाला 30 तोला सोना पकड़ा ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रामेश्वर साहू) : (क) 13-4-1965 को सीमा शुल्क प्राधिकारियों ने कलकत्ता में पश्चिम जर्मनी के एक पर्यटक से चीन की छाप जैसा दिखायी देने वाला विदेशी मार्का का 300 ग्राम सोना पकड़ा जिसका अन्तर्राष्ट्रीय दर पर मूल्य 1608 रु० (लगभग) है ।

(ख) कलकत्ता सीमा-शुल्क प्राधिकारियों ने सम्बन्धित व्यक्ति के विरुद्ध विभागीय न्याय-निर्णय कार्यवाहियां आरम्भ कर दी हैं ।

Employment in Rural Areas

***1093. Shri Madhu Limaye:** Will the Minister of **Planning** be pleased to state :

(a) whether any evaluation of the programme for increasing employment in rural areas as envisaged in the Third Five Year Plan has been made ; and

(b) if so, the result thereof and its impact on the Fourth Five Year Plan ?

The Minister of Planning (Shri B. R. Bhagat) (a) The programme was evaluated in an Inter-State Conference held in New Delhi on April 14, 15 and 16, 1965.

(b) In the last year of the Third Plan the programme would provide employment roughly to about 3,50,000 persons for an average period of 100 days

in the year. The total expenditure on Rural Works in the Plan is expected to be 18 to 19 crores. The Conference proposed that the programme should be undertaken in 1500 to 2000 development blocks during the first three years of the Fourth Plan. The programme for the Fourth Plan is under examination at present.

राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार

*1094. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्व विभागों, जैसे आयकर, सीमा शुल्क तथा उत्पादन शुल्क विभागों में भ्रष्टाचार के संभाव्य तरीकों का कोई गहन अध्ययन किया गया है ;

(ख) क्या राजस्व विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को कम करने के लिए विभागीय प्रमुखों ने कोई प्रबुद्ध और उद्देश्यपूर्ण कार्यवाही की है ;

(ग) क्या विशेष पुलिस संस्थान ने अब तक की गई जांचों के आधार पर कुछ प्रक्रियायें बताई हैं ; और

(घ) यदि हां, तो क्या इनको प्रभावी रूप से अमल में लाया गया है ?

वित्त मंत्रालय में उपमंत्री (श्री रामेश्वर साहू): (क) और (ख). जी, हां ।

(ग) आयकर, सीमा शुल्क और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क विभागों के साथ परामर्श से विशेष पुलिस संस्थान (स्पेशल पुलिस स्टेब्लिशमेंट) ने इन विभागों में भ्रष्टाचार को कम करने के लिए जोरदार कार्यवाही का एक कार्यक्रम तैयार किया है ।

(घ) विशेष पुलिस संस्थान (स्पेशल पुलिस स्टेब्लिशमेंट) द्वारा सुझाये गये उपायों को कार्यान्वित किया जा रहा है ।

राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम

*1095. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री युद्धवीर सिंह :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम के कार्यकरण के बारे में कुछ संसद् सदस्यों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो शिकायतें क्या हैं ;

(ग) क्या उन्होंने शिकायतों की जांच कराई है; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव): (क) जी, हां ।

(ख) शिकायतें अधिकतर खास कार्मिक तथा संगठनात्मक मामलों से संबंधित थीं ।

(ग) शिकायतों की जांच की गई थी, किन्तु कोई निदेश आवश्यक नहीं समझे गये ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

कांस्टीट्यूशन हाउस होस्टल

*1096 . **श्री हरि विष्णु कामत** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन हाउस होस्टल एक वर्ष से अधिक पहले गिराया गया था ;

(ख) क्या सरकार का विचार उस स्थान पर कई मंजिल वाला होस्टल बनाने का है ;

(ग) यदि हां, तो निर्माण कार्य कब आरम्भ होगा ; और

(घ) क्या वहां कांस्टीट्यूशन हाउस की स्मृति में एक तख्ती लगाई जायेगी जैसा कि 6 अप्रैल, 1964 को अपने मंत्रालय की मांगों पर वाद-विवाद के उत्तर में उन्होंने (मंत्री) आश्वासन दिया था ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना): (क) जी हां ।

(ख) और (ग). मूलतः इस जगह पर बहु-मंजिला होस्टल बनाने का विचार था । दिल्ली में होटल-वास की गंभीर कमी को दृष्टि में रखते हुए जिससे कि हमारे पर्यटक आवागमन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, यह निर्णय किया गया है कि वहां एक होटल बनाया जाये । इस होटल में लगभग 600—800 बिस्तर होंगे। योजनायें लगभग एक वर्ष के अन्दर तैयार हो जानी चाहिएं ।

(घ) जी हां ।

विदेशों को दिये गये ऋण

2759. **श्री रामचन्द्र मलिक** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने कुछ देशों को विभिन्न रूपों में ऋण दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो उन देशों के नाम क्या हैं; अब तक कितना ऋण दिया गया है तथा उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) भारत सरकार ने 31 दिसम्बर, 1964 तक कुल कितना ऋण दिया था ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) अब तक संयुक्त अरब गणराज्य (मिस्र), बर्मा और नेपाल को ऋण दिये गये हैं। आज तक दी गयी रकम और बाकी रकम का ब्योरा इस प्रकार है :—

	ऋण की रकम	बकाया रकम
संयुक्त अरब गणराज्य (मिस्र)	650 लाख रुपये	15 लाख रुपये
बर्मा	1998 लाख रुपये	1167 लाख रुपये
नेपाल	87 लाख रुपये	87 लाख रुपये

विदेशों में डाक्टरों का प्रशिक्षण

2760. **श्री धर्मलिंगम** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) विदेशों में आगे अध्ययन के लिये डाक्टर किन किन कार्यक्रमों के अन्तर्गत भेजे जाते हैं ;

(ख) गत तीन वर्षों में, राज्यवार, कितने डाक्टर बाहर भेजे गये ;

(ग) प्रत्येक राज्य से उपरोक्त योजना के अन्तर्गत कितने आवेदन-पत्र प्राप्त हुए ; और

(घ) चुनाव किस आधार पर किया गया ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) स्वास्थ्य मंत्रालय, कोलम्बो योजना, भारत फ्रांस तकनीकी सहयोग, अमरीकी सहायता, विश्व स्वास्थ्य संगठन आदि जैसे विभिन्न तकनीकी सहायता कार्यक्रमों के अधीन अनेक विशिष्टताओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिये डाक्टरों को विदेश भेजता है । फोर्ड प्रतिष्ठान, जन संख्या परिषद्, वारसेस्टर प्रतिष्ठान, नफील्ड प्रतिष्ठान और राकफेलर प्रतिष्ठान आदि जैसे विदेशी / अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से शिक्षावृत्ति के कुछ अन्य तदर्थ प्रस्तावों पर भी डाक्टर समय समय पर प्रशिक्षण के लिये प्रतिनियुक्त किये जाते हैं ।

(ख) और (ग). अपेक्षित सूचना का एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 4306/65]**

(घ) विदेशों में प्रशिक्षण के लिए डाक्टरों का चयन स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा नियुक्त केन्द्रीय चयन समिति करती है । कुछ कार्यक्रमों के सम्बन्ध में इस समिति द्वारा किये गये चयन पर वित्त मंत्रालय की तकनीकी सहायता चयन समिति की स्वीकृति लेनी पड़ती है ।

सुनार

2761. **श्री वै० तेवर** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वर्ण नियंत्रण आदेश के कारण उन विस्थापित सुनारों को जो लागत वहन करने के लिये तैयार हैं पोरामबोक भूमि के आवंटन में कोई प्राथमिकता दी जाती है ;

(ख) क्या यह सच है कि किसी संसद् सदस्य / विधान सभा सदस्य / पंचायत बोर्ड के प्रमुख द्वारा दिये गये उन प्रमाण-पत्रों की, जिनमें यह कहा गया हो कि अमुक-अमुक व्यक्ति स्वर्ण नियंत्रण आदेश के कारण पीड़ित हैं, विरोधी रिपोर्ट देने वाले ग्राम अधिकारियों की सलाह पर उपेक्षा की जाती है ;

(ग) यदि हां, तो गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ; और

(घ) क्या प्रमाण-पत्र / पूछताछ केवल पंचायत संघ की मार्फत भेजना संभव है ताकि परस्पर विरोधी तथा गलत जानकारी न दी जा सके ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) मद्रास सरकार ने निर्देशित किया है कि कृषि के लिए भूमि देने में विस्थापित सुनारों को भूतपूर्व सैनिकों के नीचे और दूसरे भूमिहीन व्यक्तियों के ऊपर प्राथमिकता दी जाय । उसने यह भी निर्देश दिया है कि जो विस्थापित सुनार गरीब हैं और जिनके पास मकान या मकान बनाने के लिए स्थान नहीं है उनको मकान बनाने के लिए मुफ्त भूमि दी जाय और ऐसा करते समय उनको दूसरे आवास रहित व्यक्तियों के ऊपर प्राथमिकता दी जाय । दूसरी राज्य सरकारों को भी ऐसी ही कार्यवाही करने की संभावना पर विचार करने के लिए निवेदन किया गया है ।

(ख) ऐसा कोई मामला सरकार के नोटिस में नहीं आया है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(घ) चूंकि प्रमाणन और पुनर्वास सम्बन्धी कार्य विभिन्न राज्य सरकारों में प्रत्येक राज्य में परिस्थितियों पर निर्भर रहते हुए कर्मचारियों के विभिन्न ग्रेडों को सौंप दिया गया है इसलिए कार्य को समानरूप से पंचायत संघ को सौंपने के लिए कोई संशोधन करना संभव नहीं समझा जाता है ।

अस्पताल तथा औषधालय

2762. **डा० कोहोर** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री 30 अप्रैल, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2657 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में विदेशी मिशनों द्वारा स्थापित किये गये अस्पतालों तथा औषधालयों की संख्या के बारे में विभिन्न राज्य सरकारों से जानकारी एकत्र कर ली गई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) और (ख). इस आश्वासन की पूर्ति में दिये जाने वाले विवरण की एक प्रति सभा-पटल पर रख दी गई है । **[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिए संख्या एल० टी०—4307/65]**

इरीनव रेगूलेटर

2763. **श्री अ० क० गोपालन** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कन्नानूर जिले, केरल में इरीनव रेगूलेटर के कायकरण के बारे में जनता से कोई शिकायत प्राप्त हुई है ;

(ख) क्या यह कहीं से टूटा हुआ है और इन छेदों से बांध में जमा शुद्ध जल में नमक का पानी मिल रहा है ;

(ग) यदि हां, तो क्या इस दोष को दूर करने के लिये सरकार ने कोई कार्यवाही की है ;

(घ) क्या सरकार को किसानों से एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमें कहा गया है कि उन्हें बांध से समय पर पानी नहीं मिल रहा है ; और

(ङ) यदि हां, तो मामले में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव): (क) से (ङ). केरल सरकार से अपेक्षित जानकारी एकत्रित की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी।

त्रिचूर जिले में कृषि फसल

2764. **श्री अ० क० गोपालन**: क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि पानी की कमी के कारण त्रिचूर जिले (केरल) के मुल्लूर कयाल क्षेत्र में कृषि फसलों के नष्ट होने का खतरा बना हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो उस क्षेत्र में फसलों को बचाने के लिये सरकार का क्या कदम उठाने का विचार है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव): (क) और (ख). वहां 'पीचि' जल की अनाधिकृत पम्पिग की गई थी, जिसके कारण मुल्लूर कयाल क्षेत्र में पानी की कमी हो गई। केरल सरकार ने इसका पता लगा कर इसे बन्द कर दिया था।

केरल में अस्पताल

2765. **श्री अ० क० गोपालन** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में ऐसे अस्पतालों की संख्या क्या है जो जिला मुख्यालयों में हैं;

(ख) उनमें से कितनों में महिलाओं के लिये अलग सुविधाओं की व्यवस्था है;

(ग) प्रत्येक अस्पताल में प्रति मास अस्पताल में रहने वाले रोगियों की औसत संख्या क्या है;

(घ) क्या बिस्तरों की संख्या आवश्यकता से बहुत कम है;

(ङ) क्या इन अस्पतालों में एक्सरे फिल्मों की कमी है;

(च) क्या कर्मचारियों की भी कमी है; और

(छ) यदि हां, तो इन कमियों को दूर करने के लिये क्या उपाय करने का विचार है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर): (क) से (छ). केरल सरकार से सूचना की प्रतीक्षा की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा-पटल पर रख दी जायेगी :

कर वसूली

2766. **श्रीमती सावित्री निगम** :
श्री यशपाल सिंह :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कर निर्धारण आदेशों में गलतियों को दूर करने सम्बन्धी आवेदन-पत्र जिनके परिणामस्वरूप मांग तथा धनवापसी के भुगतान में कमी होगी कई वर्षों तक अनावश्यक रूप से बिना कार्यवाही किये पड़े रहते हैं क्योंकि कानून के अन्तर्गत ऐसे आदेशों को पास करने की समय-सीमा चार वर्ष है; और

(ख) यदि हां, तो इन आवेदन-पत्रों को शीघ्र निबटाने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी): (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

South Block, New Delhi

2767. Shri Yashpal Singh : Will the Minister of **Works and Housing** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a replica of the insignia of the British Royal Arms is still there on the wall in South Block, where the office of the Prime Minister is situated, while a similar replica was removed from the North Block some time ago ; and

(b) if so, when this replica is likely to be removed ?

The Minister of Works and Housing (Shri Mehr Chand Khanna): (a) Yes.

(b) By the end of July, 1965.

कलाकारों पर आयकर

2768. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री विभूति मिश्र :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या उनका ध्यान प्रमुख पेंटरों, शिल्पियों तथा लेखाचित्रण कलाकारों द्वारा हैदराबाद म 13 जनवरी, 1965 को हुई एक बठक में आय-कर तथा सीमा-शुल्क प्राधिकारियों के असहानुभूतिपूर्ण रवैये के विरुद्ध प्रकट किये गये विरोध की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उनसे तंग करने के विशिष्ट मामले बताने के लिये कहा गया है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) आय-कर तथा सीमा-शुल्क विभागों के ध्यान मे इस प्रकार का कोई विरोध नहीं लाया गया है ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठते ।

दिल्ली में आयुर्वेदिक औषधालय

2769. **श्री यशपाल सिंह :** क्या **स्वास्थ्य** मंत्री 17 सितम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 807 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के अन्तर्गत नई दिल्ली के सरोजिनी नगर क्षेत्र में आयुर्वेदिक औषधालय खोलने में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर): सरोजिनी नगर में केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना की आयुर्वेदिक डिस्पैन्सरी खोलने के लिये अभी उपयुक्त स्थान मिलना सम्भव नहीं हुआ है । सम्बन्धित मंत्रालय से परामर्श करके इस विषय पर विचार किया जा रहा है ।

Bleeding During Operations

2770. Shri D. N. Tiwary : Will the Minister of **Health** be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the report published in November-December, 1964 issue of the British Medical Journal stating that during the course of operation, the British doctors make use of gold leaves which help stop bleeding ; and

(b) if so, whether Government propose to adopt the same method in India ?

The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar) : (a) Yes.

(b) Its application in operative procedure in the human subject has yet to be scientifically evaluated.

स्कूलों के लिये वैज्ञानिक उपकरण

2771. श्री प्र० के० देव :
श्री कपूर सिंह :
प्र श्री प्र० कु० घोष :

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) योजना आयोग द्वारा रखे गये प्रस्ताव के अनुसार किन किन राज्यों में स्कूलों की वैज्ञानिक उपकरण की आवश्यकताओं का पता लगाने के लिये सर्वेक्षण किया गया है ; और

(ख) क्या इन उपकरणों की किस्म निर्धारित करने के लिये किसी एजेन्सी को चुना गया है ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) योजना कार्य समिति, योजना आयोग ने माध्यमिक स्कूलों में वैज्ञानिक शिक्षा सम्बन्धी पैनल की स्थापना की थी । पैनल ने स्कूलों के लिए वैज्ञानिक उपकरणों का उत्पादन बढ़ाने के लिए सुनियोजित कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल दिया है और सिफारिश की है कि राज्य सरकारें चौथी योजना के दौरान स्कूलों के लिए वैज्ञानिक सामान की आवश्यकता का सर्वेक्षण करें। पैनल की इस सिफारिश के अनुसार, योजना आयोग ने एक विचारक दल की स्थापना की है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों और अन्य सम्बन्धित सगठनों के प्रतिनिधि हैं । यह विचारक दल आगामी दस वर्षों के लिए, विशेषकर चौथी योजना के लिए, शैक्षिक संस्थानों के वैज्ञानिक सामान की आवश्यकताओं के प्रश्न पर विचार करेगा । स्कूलों के लिए वैज्ञानिक सामान की आवश्यकताओं का पता लगाने के लिए अभी तक कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है ।

(ख) शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद का वैज्ञानिक शिक्षा विभाग, स्कूल स्तर पर वैज्ञानिक उपकरणों तथा सामान के लिए अर्ध-स्वायत्त एजेन्सी स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है ।

कालाधन कमाने की मार्ग-दर्शक पुस्तक

2772. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री दाजी :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कलकत्ता में आय-कर विभाग को कालाधन कमाने में 'सफलता का मार्ग' (गाइड टू सक्सेस) नामक पुस्तक मिली है जिसके बारे में यह दावा किया जाता है कि यह सारे भारत में बिकने वाली एक प्रामाणिक पुस्तक है ;

(ख) पुस्तक में क्या विशिष्ट हिदायतें दी गई हैं ; और

(ग) इस पुस्तक में दिये गये व्यवहार नियमों पर चलने वाले व्यापारी-वर्ग के सदस्यों के समाज-विरोधी कार्यों के प्रतिकार के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वित्त मंत्री (श्री टि० त० कृष्णमाचारी) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठते ।

सिंचाई सुविधाएं

2773. **श्री विभूति मिश्र** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार सिंचाई सुविधाओं के तुरन्त प्रयोग में आने वाली रुकावटों को दूर करने के लिये क्षेत्र मार्ग बनाने में पेश आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के प्रश्न पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो कठिनाइयां कब तक दूर हो जायेंगी ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव): (क) मद्रास, गुजरात, जम्मू और काश्मीर, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश की सरकारों ने पहले से ही लाभ प्राप्तकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय नालियों की खुदाई और रख-रखाव के लिये तथा यदि किसी मामले में ऐसा नहीं होता तो पंचायतों अथवा सरकार द्वारा कार्य के कार्यान्वयन का विधान बना लिया हुआ है । इस विषय पर राज्य सरकारें विचार कर रही हैं । इन उपायों द्वारा प्रगति पर निरन्तर ध्यान रखा जाता है ।

(ख) प्रत्येक पंचवर्षीय योजना में कई वृहत् और मध्यम परियोजनाएं हाथ में ली जा रही हैं अत: सिंचाई सम्भाव्यता के द्रुत उपयोग के रास्ते में आने वाली कठिनाइयों को पार करने के लिये लगातार प्रयत्न किया जा रहा है ।

चोरी-छिपे लाए गये सोने का पकड़ा जाना

2774. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :**
श्रीमती जोहराबेन चावडा :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 अक्तूबर, 1964 से 31 मार्च, 1965 तक सरकार ने देश में राज्यवार किन स्थानों पर व किन तस्कर व्यापारियों से चोरी-छिपे लाया गया कितना सोना पकड़ा ; और

(ख) उनके विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) और (ख). सीमाकर, स्थल सीमाकर तथा केन्द्रीय उत्पादन कर अधिकारियों द्वारा 31 अक्तूबर, 1964 से 31 मार्च, 1965 तक की अवधि में राज्यवार चोरी-छिपे लाये गये सोने की मात्रा और मूल्य तथा उन स्थानों के नाम जहां पर सोना पकड़ा गया और इनमें अन्तर्ग्रस्त व्यक्तियों की संख्या बताने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०—4308/65**] इसमें से लगभग 6,38,800 रुपये का लगभग 119.2 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है। पकड़े गये 388 व्यक्तियों में से 1 अप्रैल, 1965 तक 31 व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग चलाये गये, जिनमें से अब तक न्यायालयों द्वारा 7 व्यक्तियों को दोषी ठहराया गया और 3 को छोड़ दिया गया। 1—4-1965 तक उन व्यक्तियों पर, जिनके मामलों का वैभागिक स्तर पर न्याय-निर्णय किया गया, 1,36,950 रुपये का वैयक्तिक अर्थदण्ड भी किया गया। शेष मामले छान-बीन तथा न्यायालयों में संभव कार्यवाहियां सहित न्याय निर्णय की भिन्न भिन्न प्रावस्था में हैं। इनके पूरा हो जाने तक, अन्तर्ग्रस्त व्यक्तियों के नाम बताना वांछनीय नहीं होगा।

उड़ीसा को ऋण

2775. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने उड़ीसा सरकार को 1964—65 में अपनी अर्थोपाय स्थिति में सुधार करने के लिये कोई ऋण मंजूर किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) और (ख). उड़ीसा सरकार को जून, 1964 में 8 करोड़ रुपये का अर्थोपाय अग्रिम (वेज ऐण्ड मीन्ज़ एडवांस) दिया गया था। इसके ब्याज की दर 3 प्रतिशत वार्षिक थी और यह राज्य सरकार द्वारा 1964—65 में वापस चुका दिया गया था।

उड़ीसा में बाढ़ नियन्त्रण

2776. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1964—65 में बाढ़ नियन्त्रण योजनाओं के लिये उड़ीसा सरकार को कैसी तथा कितनी केन्द्रीय सहायता दी गई ; और

(ख) किन किन योजनाओं के लिये सहायता दी गई ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) उड़ीसा सरकार को राज्य में बाढ़ नियंत्रण और जल निकासी कार्यों पर धन लगाने के लिए 1964—65 में 45 लाख रुपये का ऋण स्वीकार किया गया था।

(ख) स्वीकृत ऋण किसी विशेष उद्देश्य के लिये नहीं था, परन्तु 1964–65 में राज्य द्वारा शुरू किये गये बाढ़ नियन्त्रण और ,जल निकासी कार्यों के कार्यक्रम के लिये है, जिनमें तटबन्ध निर्माण, वर्तमान तटबन्धों के उठान और दृढ़िकरण, बाढ़ नियन्त्रण कार्यों, नालियों और कुल्याओं आदि की सुधार की कई स्कीमें सम्मिलित हैं ।

कुष्ठ रोग केन्द्र

2777. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री रामचन्द्र मलिक :

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) इस समय उड़ीसा में कितने कुष्ठ रोग नियंत्रण केन्द्र हैं ;

(ख) इन केन्द्रों में कितने रोगियों के लिए व्यवस्था है ; और

(ग) 1964–65 में केन्द्र सरकार ने इन केन्द्रों को कुल कितना ऋण अथवा अनुदान दिया ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम के अधीन उड़ीसा में इस समय 20 कुष्ठ नियंत्रण एकक तथा 17 सर्वेक्षण शिक्षा तथा उपचार केन्द्र काम कर रहे हैं । इनके अतिरिक्त एक स्वेच्छा संगठन भी कुछ नियंत्रण कार्यक्रम में भाग ले रहा है ।

(ख) सामान्यतया एक कुष्ठ नियंत्रण एकक के अन्तर्गत 1.5 लाख की आबादी होती है । एक एकक का काम रोगियों का पता लगाना तथा 1800 से 2000 कुष्ठ रोगियों का उपचार करना होता है । उड़ीसा साधारण स्थानिकमारी राज्य है , यहां प्रत्येक एकक इस समय औसतन लगभग 1650 रोगियों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है ।

(ग) केन्द्रीय सहायता देने की वर्तमान पद्धति के अनुसार धन का आवंटन योजना-वार नहीं किया जाता बल्कि प्रत्येक वर्ष के अन्त में स्वास्थ्य योजनाओं के व्यापक वर्गों अथवा श्रेणियों के लिये सहाय्यानुदान मंजूर किया जाता है। एक वित्तीय वर्ष के लिये आवंटित कुल केन्द्रीय सहायता का 3/4 भाग उस वर्ष के अन्तर्गत राज्य सरकारों को अर्थोपाय अग्रिमों के रूप में एक मुश्त दे दिया जाता है । इसलिये कुष्ठ नियंत्रण केन्द्रों के लिये 1964–65 में इस राज्य को ठीक-ठीक कितनी केन्द्रीय सहायता दी गई, यह सूचना उपलब्ध नहीं है तथापि राज्य सरकार ने बतलाया है कि 1964–65 में राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम पर उन्होंने 2.59 लाख रुपये खर्च किये हैं । राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम के लिये दी जाने वाली केन्द्रीय सहायता के स्वीकृत स्वरूप के अनुसार राज्य सरकार इस योजना पर अपने द्वारा किये गये अनावर्ती खर्च का 75 प्रतिशत तथा आवर्ती खर्च का 50 प्रतिशत ले सकती है । उड़ीसा योजना में कुष्ठ नियंत्रण के लिये 11.00 लाख रुपये की कुल तृतीय योजना व्यवस्था है ।

बम्बई में चलार्थ नोटों का पकड़ा जाना

2778. श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
डा० महादेव प्रसाद :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे पुलिस ने मार्च, 1965 के पहले सप्ताह में बम्बई सेंट्रल स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के एक यात्री के पास से, जो बड़ौदा जाने के लिए सौराष्ट्र डाक गाड़ी में चढ़ रहा था, 2.1 लाख रुपये के चलार्थ नोट पकड़े ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने इस मामले में क्या कार्यवाही की है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) से (ग). रेलवे पुलिस ने 5 मार्च, 1965 को बम्बई सेंट्रल स्टेशन से बड़ौदा के लिए सौराष्ट्र मेल में चढ़ते हुए प्रथम श्रेणी के एक यात्री से 2.1 लाख रुपये के नोट और कुछ कागजात पकड़े। चूंकि मामले पर विदेशी विनिमय विनियमों के उल्लंघन का सन्देह था। इसलिए मामले को प्रवर्तन निदेशालय ने अपने हाथों में ले लिया। आवश्यक जांच-पड़तालों के पूरा हो जाने पर प्रवर्तन निदेशक ने मामले का न्यायनिर्णय किया। उन्होंने अभियुक्त को विदेशी विनिमय विनिमय अधिनियम 1947 की धारा 23 बी के साथ पठित धारा 5(1)(ग) के उल्लंघन का दोषी पाया। निदेशक ने अभियुक्त पर 5000 रुपये का दण्ड लगाया और 2.1 लाख रुपये की राशि को जब्त कर लिया। पार्टी ने दण्ड की राशि अदा कर दी है।

Smuggling of Chinese Made Goods into India

2779. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :** Will the Minister of **Finance** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that through the Gede Railway Station in Nadia District on the Eastern Railway Chinese-made goods are being smuggled into the Indian market for sale ; and

(b) if so, the action being taken to check the smuggling of Chinese-made goods in this country?

The Minister of Finance (Shri T. T. Krishnamachari) : (a) and (b). During the period from January, 1964 to March, 1965, one case of attempted smuggling of Chinese-made goods was detected at Gede Railway Station and three other cases were detected at the adjacent Banpur Checkpost. As far as the Government are aware, Chinese-made goods are not generally smuggled through this Railway Station. However, the Customs officers are on the alert.

पुनः नियुक्त सैनिक कर्मचारी

2780. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने ऐसे अनुदेश दिये हैं कि ऐसे पुनर्नियुक्त सैनिक कर्मचारियों के वेतन से, जिन्हें प्रति मास 50 रुपये या इससे कम पेंशन मिलती है, कोई कटौती न की जाये ; और

(ख) क्या राज्य सरकारों ने इस सुझावों को स्वीकार तथा कार्यान्वित किया है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) जी, हां, बशर्ते कि वह व्यक्ति 55 वर्ष की आयु से पहले रिटायर हुआ हो । यह नियम सैनिक और असैनिक दोनों प्रकार के पेंशनभोगियों पर लागू होता है ।

(ख) हमारे पास कोई सूचना नहीं है । राज्य सरकारों को इस प्रकार का कोई सुझाव नहीं दिया गया ।

Reimbursement of Medical Expenses

2781. Dr. Chandrabhan Singh : Will the Minister of **Finance** be pleased to state :

(a) the amount reimbursed on account of medical expenditure to the Central Government employees working in the Offices of the Central Excise and Income Tax Department in Kanpur during the last three years ; and

(b) the reasons for the high rise in the figures ?

The Minister of Finance (Shri T. T. Krishnamachari) : (a) The amount reimbursed is as follows :

Year	Total for Income-tax and Central Excise Departments.
1962-63	Rs. 64,888/-
1963-64	Rs. 2,14,359/-
1964-65	Rs. 4,57,376/-
TOTAL	Rs. 7,36,623/-

(b) The rather steep rise in the expenditure on this account is due mainly to

(i) Liberalisation of the Medical Attendance Rules and Orders, including extension of facilities to Class IV staff to the extent perm issible to the employees of other categories ;

(*ii*) Expansion of the Department ;

(iii) Rise in the cost of medicines and higher expenditure due to more frequent prescription of injection, costly medicines, etc ; and

(iv) increase in the number of family members of Government servants.

फरक्का बांध

2782. **श्री च० का० भट्टाचार्य :**
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फरक्का बांध परियोजना के पूरा होने में और अधिक देर लगेगी ;

(ख) कलकत्ता पत्तन के लिये जल की व्यवस्था करने के लिये हुगली में जल पहुंचाने के लिये सहायक नहर के निर्माण में कितनी प्रगति हुई है ;

(ग) बांध के निर्माण के भिन्न भिन्न चरण क्या हैं ; और

(घ) मशीनों तथा उपकरण के आयात के लिये क्या व्यवस्था की गई है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव): (क) परियोजना अनुसूची अनुसार ही पूर्ण हो जाएगी, ऐसी संभावना है ।

(ख) लम्बाई के आधे भाग में काम प्रगति कर रहा है और इसके जून, 1968 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है । शेष काम को औपचारिकताओं के पश्चात् हाथ में लेने का प्रबन्ध किया जा रहा है ।

(ग) फरक्का बराज पर 109 खाड़ियों से दायें तट पर 12 खाड़ियों और बायें तट पर 30 खाड़ियों पर कार्य हो रहा है । 67 खाड़ियों के शेष भाग पर कार्य औपचारिकताओं के पश्चात् हाथ में लिया जाएगा । जंगीपुर बराज में टैंडर पर फैसला किया जा रहा है और कार्य शीघ्र ही चालू कर दिया जाएगा ।

(घ) अधिकतर सामान के लिए आर्डर दे दिया हुआ है और वह अब प्राप्त होना शुरू हो गया है ।

Nature cure institutions

2783. **Shri P. L. Barupal :**
Shri Samnani :

Will the Minister of **Health** be pleased to state :

(a) whether any grant has been asked for from the Central Government for the development of nature cure institutions being run by the voluntary organisations in Rajasthan ; and

(b) if so, the action taken by Government thereon ?

The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar): (a) and (b). The Government of India has given the following grants to the Prakritik Chikitsalaya, Jaipur, Rajasthan :—

	Rs.
(i) Research in the treatment of Obesity and Gastritis . .	4,000
(ii) Running One Year Training Course . . .	14,400
(iii) Equipping Pathological Laboratory	5,000

Requests for financial assistance have been received from the Prakritik Chikitsa Kendra, Jodhpur and the Rajsathan Prakritik Chikitsa Kendra, Bikaner. These requests will be considered by the Nature Cure Advisory Committee when it meets next.

मैसर्स तारापुर एण्ड कम्पनी को दिये गये ठेके

2784. **श्रीमती सावित्री निगम** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्षों में उनके द्वारा किये गये कार्य के सम्बन्ध में मैसर्स तारापुर एण्ड कम्पनी ने कितनी बार मध्यस्थ निर्णय तथा न्यायालय की शरण ली है ; और

(ख) क्या आदेश मिलने तथा फरक्का बांध पर कार्य शुरू करने के लिये ठेकों को अन्तिम रूप दिये जाने से पहले ही उन्हें मशीनों का आयात करने के लिये आयात लाइसेंस भी दे दिया गया है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ला० राव) : (क) इस मंत्रालय को केवल तीन मामलों का पता है जिन में एक हीराकुड में और दो शरावथी घाटी परियोजना में है ।

(ख) अभी तक फर्म को कोई आयात लाइसेंस नहीं दिया गया है । मैसर्स तारापुर एण्ड कम्पनी को फीडर केनाल पर काम देने के लिये टैंडर समिति के सुझावों को स्वीकार करने से फरक्का वराज नियंत्रण बोर्ड के फैसले के परिणामस्वरूप फरक्का वराज परियोजना के मुख्य अभियन्ता ने इस फर्म को 15 जनवरी, 1965 को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्हें सूचित किया गया था कि उनका टैंडर मान लिया गया है और उनसे, प्रार्थना की गई थी कि जब तक औपचारिक ठेके का कार्यान्वित नहीं होता और कार्य आदेश जारी नहीं हों वे कार्य आरम्भ कर दें । फर्म परियोजना स्थल पर पहुंच गई है और उन्होंने प्राथमिक कार्य आरम्भ कर दिया है । इस फर्म के साथ हुए ठेके की शर्तों में से एक यह थी कि मशीनरी के लिये फालतू पुर्जों और कुछ सामान के आयात में सरकार उनकी सहायता करेगी । सामान की इन मदों के लिये इस फर्म से विदेशी मुद्रा के लिये प्रार्थना पत्र प्राप्त हो चुके हैं और उन पर अब विचार किया जा रहा है ।

जीवाणु विनाशक कपड़ा

2785. **श्री वारियर :**
श्री वासुदेवन् नायर :

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान समाचार पत्रों में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि मास्को टैक्सटाइल इंस्टीट्यूट ने एक नया जीवाणु विनाशक कपड़ा तैयार किया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इसके बारे में रूस सरकार से तकनीकी जानकारी प्राप्त करने का है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) सरकार को इस प्रेस रिपोर्ट की कोई जानकारी नहीं है, किन्तु यह मालूम हुआ है कि मास्को टैक्सटाइल इंस्टीट्यूट की एक प्रयोगशाला में ऐसे रेशे तैयार किये हैं, जिनसे जीवाणु मर जाते हैं ।

(ख) इस रेशे का विकास अभी प्रारम्भिक अवस्था में है और स्वयं रूस में भी इसका उत्पादन अगले साल ही होने की सम्भावना है । इस की तकनीकी जानकारी के प्रश्न पर यथा-समय विचार किया जायेगा ।

गर्भाशयाभ्यन्तर साधन

2786. **श्री रामकृष्ण रेड्डी** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में प्रोफैसर एम० एस० थेकर ने वक्तव्य दिया था कि संयुक्त राष्ट्र संघ की एक संस्था ने भारत में गर्भ निरोध के लिए अन्तः गर्भाशय साधनों का निर्माण करने के लिए उपकरण भेजने का वचन दिया है ; और

(ख) क्या अब तक भारत में सरकारी अथवा गैर-सरकारी क्षेत्र में ऐसे साधन तैयार करने का कोई कारखाना नहीं है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) जी नहीं। प्रोफेसर एम० एस० ठक्कर ने इतना ही कहा है कि जन संख्या परिषद् न्यूयार्क ने भारत सरकार को कुछ गर्भाशयी गर्भरोधक देने का वचन दिया है ।

(ख) उत्तर प्रदेश के इटावा नगर में स्थित सरकारी क्षेत्र की वर्तमान फैक्टरी ने गर्भाशयी गर्भरोधक साधनों का निर्माण पहले ही शुरू कर दिया है ।

Pollution of Jamuna Water

2787. Shri Naval Prabhakar: Will the Minister of **Health** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the cultivators along side the banks of Jamuna river between Wazirabad and Okhla barrage in Delhi use sullage as manure;

(b) whether the Jamuna water gets polluted by this ; and

(c) if so, the steps proposed to be taken by Government to prevent such practice ?

The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar) : (a) Yes.

(b) Yes. It can happen in the rainy season.

(c) The Delhi Administration have already banned the use, carrying or stocking of night soil and organic manure for cultivation for a period of one year with effect from 14-1-65 within the area described below:

> "Area extending east and west upto a distance of one furlong from the east and the west bank of river Jamuna respectively upto 3 miles upstream from the Wazirabad Pumping Station."

They have been asked to extend this ban to some more areas to prevent the danger of pollution of the river. Adequate arrangements have also been made to ensure proper treatment of Jamuna Water so that any possible pollution does not endanger the health of the people.

ग्रामोद्योग परियोजनायें

2788 { **श्री श्रीनारायण दास :**
श्री दे० शि० पाटिल :

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तीसरी पंचवर्षीय योजना के अन्तिम वर्ष में ग्रामोद्योग परियोजनाओं का आगे विस्तार करने के प्रश्न पर विचार किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या निर्णय किया गया है और इस प्रयोजन के लिये विभिन्न राज्यों में कौन से क्षेत्र चुने गये हैं ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) जी, हां ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

कुट्टीपाड़ी सिंचाई योजना

2789. { श्री अ० व० राघवन :
श्री पोट्टकाट्ट :

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल के कोजीकोड जिले की जिला विकास परिषद् ने 1965–66 के लिये कुट्टीपाडी सिंचाई योजना को कार्यान्वित करने के लिये 50 लाख रुपये के आवंटन के लिये प्रार्थना की है ;

(ख) परियोजना की अनुमानित लागत क्या है और 1965–66 में कितनी राशि व्यय करने का विचार है ; और

(ग) उस स्थान पर एक अलग सिंचाई विभाग खोलने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) हां, जी ।

(ख) परियोजना की अनुमित लागत 496 लाख रुपये है और 1965–66 के लिये इस के लिये 17.26 लाख रुपये का प्रबन्ध किया गया है ।

(ग) इस परियोजना के लिये अतिरिक्त निधि उपलब्ध होने पर अलग सिंचाई विभाग बनाने के लिये विचार किया जायेगा ।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के आय-व्ययक

2790. **श्री ह० च० सौय** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि के० सन्थानम तथा अन्य लोगों ने सुझाव दिया है कि सरकारी उपक्रमों के आय-व्ययक एक साथ मिला दिये जायें और फिर उन्हें एक पृथक संकलन के रूप में रखा जाये ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी): (क) जी, हां ।

(ख) केन्द्रीय सरकार के 1965–66 के बजट के व्याख्यात्मक ज्ञापन में इस वर्ष से अनुबन्ध 17 जोड़ा गया है ताकि सरकार द्वारा सरकारी उपक्रमों (अण्डरटेकिंग्स) को दी जाने वाली पूंजी और ऋणों के अनुमान, एक ही स्थान पर, दिखाये जा सकें ।

कच्चे पानी का संभरण

2791. **श्रीमती सावित्री निगम** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या घरों में सब्जियां उगाने वालों को तथा दिल्ली में और उसके आस-पास किसानों को कच्चा पानी देने की सरकार की कोई योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो उस की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर): (क) और (ख). जी नहीं। केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग निम्नलिखितों को पहले से ही कच्चा पानी देता आ रहा है :—

1. नई दिल्ली के मैदानों तथा बगीचों को
2. पूसा इन्स्टीट्यूट
3. रेलवे
4. कैन्टोनमैन्ट्स
5. निर्माण कार्यों के लिए सरकारी ठेकेदारों तथा गैर-सरकारी पार्टियों को
6. नई दिल्ली के कुछ आटोमोबाइल सर्विस स्टेशनों को।

आन्ध्र प्रदेश का विकास

2792. **श्री वें० वेंकटसुब्बया** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रधान मंत्री की हाल की हैदराबाद की यात्रा के दौरान मुख्य मंत्री तथा विधान मंडल के सदस्यों ने अभ्यावेदन दिये थे कि केन्द्रीय सरकार ने आन्ध्र प्रदेश की घोर उपेक्षा की थी जिस के फलस्वरूप अत्यधिक प्रादेशिक असन्तुलन हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो प्रादेशिक असन्तुलन को दूर करने के लिये सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) जी, हां।

(ख) राज्यों की चौथी पंचवर्षीय योजना तैयार करते समय इस बात की सावधानी बरती जायेगी कि संतुलित क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहन मिले।

उपभोक्ता वस्तुएं

2793. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंत्रालय द्वारा विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में हुई वृद्धि का विशेषकर ग्रामीण जनता में, कोई अनुमान लगाया गया है अथवा सर्वेक्षण किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं ; और

(ग) यह किस आधार पर किया गया है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). ये सवाल पैदा ही नहीं होते।

भारत सरकार प्रेस

2794. **डा० रानेन सेन :**
श्री स० मो० बनर्जी :

क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार प्रेस के वर्गीकरण के लिये 1963 में स्थापित की गई समिति ने कोई रिपोर्ट तथा सिफारिशें दी हैं ; और

(ख) यदि हां, तो मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) जी हां ।

(ख) कमेटी की रिपोर्ट अभी तक विचाराधीन है । जब उसकी जांच हो जायेगी और निर्णय ले लिया जायेगा तब एक विस्तृत विवरण सभा पटल पर रख दिया जायेगा ?

नगर आयुक्तों का सम्मेलन

2795. **श्री रामेश्वर टांटिया** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली में नगर आयुक्तों का एक दो दिन का सम्मेलन हुआ था ; और

(ख) यदि हां, तो किन विषयों पर चर्चा हुई और सम्मेलन में क्या निर्णय किये गये

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ने कलकत्ता, मद्रास, बम्बई, अहमदाबाद, कानपुर, हैदराबाद, बंगलौर और नागपुर निगमों के आयुक्तों को एक सम्मेलन में आमंत्रित किया था ।

(ख) इस सम्मेलन में विचार किये गये विषय तथा पारित प्रस्ताव संलग्न विवरणों में दिये गये हैं । **[पुस्तकालय में रखे गए । देखिए संख्या एल० टी० 4309/65]**

अनुसन्धान के लिए विशेष एकक

2796. **श्री पें० वेंकटासुब्बया** :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग का विचार अनुसंधान के लिए एक पृथक विशेष एकक खोलने का है ;

(ख) विशेष एकक के मुख्य कृत्य क्या होंगे ; और

(ग) यह कब खोला जायेगा तथा इस पर कितना अतिरिक्त व्यय होगा ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) और (ख). आर्थिक और सामाजिक आयोजन की समस्याओं का बुनियादी अनुसंधान करने के लिए योजना आयोग में एक छोटा अनुसंधान दल स्थापित करने के प्रस्ताव पर, योजना आयोग विचार कर रहा है । यह दल सम्मत दीर्घकालीन कार्यक्रम के भाग के रूप में, इसी प्रकार के बुनियादी अनुसंधान में लगे विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के निकट सहयोग से काम करेगा ।

(ग) ब्यौरा तैयार किया जा रहा है ।

कनाडा से सहायता

2797. **श्री पें० वेंकटासुब्बया :**
श्री युद्धवीर सिंह :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री हुक्म चन्द कछवाय :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री रामेश्वरानन्द :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तीसरी पंचवर्षीय योजना के अन्तिम वर्ष में कनाडा से प्राप्त सहायता के प्रभावी प्रयोग के बारे में कनाडा के वैदेशिक सहायता कार्यालय के महानिदेशक मि० एच० ओ० मोरान ने उन के मंत्रालय के अधिकारियों से बात चीत की थी ;

(ख) यदि हां, तो किन बातों पर चर्चा हुई ; और

(ग) सरकार ने कनाडा से प्राप्त सहायता का अब तक कितना उपयोग किया है और यदि उस में कोई कमियां हैं तो क्या हैं ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) और (ख). जी, हां। बातचीत मुख्य रूप से कनाडा द्वारा 1965–66 के लिए दी जाने वाली सहायता के उपयोग के सम्बन्ध में हुई (जिसके बारे में भारत सहायता संघ की बैठक में हाल ही में घोषणा कर दी गयी है और जो कनाडा के डालरों में इस प्रकार होगी—(1) 1.2 करोड़ डालर अनुदान के रूप में; (2) 2 करोड़ डालर लम्बी अवधि के विकास ऋणों के रूप में और (3) 1.25 करोड़ डालर सप्लायरों द्वारा दिये जाने वाले विस्तृत ऋणों के रूप में)। भारत सरकार द्वारा दिये गये सुझावों पर कनाडा की सरकार विचार कर रही है और अनुमान है कि इस सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय करने में उसे कुछ हफ्ते और लग जायेंगे ।

(ग) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 4310/65]**

आन्ध्र प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण

2798. **श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा :** क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि आन्ध्र प्रदेश में बाढ़ तथा जल निकासी कार्यों के लिये चौथी योजना में कितनी राशि रखी गई है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : आन्ध्र प्रदेश में बाढ़ नियन्त्रण तथा जल निकासी कार्यों के लिये चतुर्थ योजना में कोई राशि रखने का अभी कोई फैसला नहीं किया गया है ।

आन्ध्र प्रदेश में बंसधारा परियोजना

2799. **श्रीमती लक्ष्मीकान्तम्मा :** क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश की बंसधारा परियोजना को मंजूरी दे दी गई है ; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इसे तीसरी पंचवर्षीय योजना में मंजूरी दे दी जाये ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) जी, नहीं ।

(ख) केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग ने सधारा परियोजना की जांच की और उनके विचार जनवरी, 1965 में आन्ध्र प्रदेश सरकार को भेजे गये थे। राज्य सरकार से केन्द्रीय जल तथा विद्युत् आयोग के विचारों के प्रति उत्तर के प्राप्त होने पर परियोजना की स्वीकृति तकनीकी सलाहकार समिति से ली जायेगी ।

बम्बई में सोने का पकड़ा जाना

2800. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सान्ता क्रूज (बम्बई) पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 6 अप्रैल, 1965 को कुवैत से आने वाले एक यात्री से 60,000 रु० के मूल्य की सोने की छड़ें व आभूषण पकड़े ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार का विचार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) 6-4-1965 को बम्बई में सान्ता क्रूज हवाई-अड्डे पर बहरिन से आये दो यात्रियों से सीमा-शुल्क प्राधिकारियों ने चोरी छिपे रूप में लाया गया पासा सोना तथा सोने के जवाहिरात पकड़े जिनका सामूहिक मूल्य अन्तर्राष्ट्रीय दर पर 27,972/- रु० (लगभग) और वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार 55,944/- रु० (लगभग) है ।

(ख) मामले में आगे जांच पड़तालें प्रगति पर हैं जिनके पूरा होने पर समुचित कार्यवाही की जायेगी ।

दिल्ली में मकान मालिक सरकारी कर्मचारी

2801. **श्री यशपाल सिंह** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऐसे सरकारी कर्मचारियों को, जिन के दिल्ली में अपने मकान हैं और जो 20 जुलाई, 1964 को सरकारी स्थानों में रह रहे थे, 20 जुलाई, 1964 से बढ़ी हुई दरों पर किराया देने के लिए कहा गया है जबकि उन को इन स्थानों को खाली करने के लिए कोई अवसर नहीं दिया गया ; और

(ख) यदि हां तो इसक क्या कारण है ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) और (ख). ऐसे व्यक्तियों को यह विकल्प दिया गया है कि वे बढ़ी हुई दरों पर किराया दें या स्थान को खाली कर दें ।

दिल्ली में मकान मालिक सरकारी कर्मचारी

2802. **श्री यशपाल सिंह** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जो सरकारी कर्मचारी 20 जुलाई, 1964 को सरकारी क्वार्टरों में रह रहे थे और जिन्हों ने बाद में दिल्ली में अपने मकान बना लिये हैं, क्या उन के लिये यह आवश्यक है कि वे अपने मकानों के पूरा होने पर सात दिन के भीतर इस बात की सूचना दें ; और

(ख) यदि वे सरकारी स्थान खाली न करें, तो उस के लिये क्या देने का विचार है ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) जी हां ।

(ख) यदि सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा सम्पदा निदेशक को समय के भीतर सूचना दे दी जाती है तो उनके लिए यह विकल्प है कि या तो वे 7 दिनों के भीतर सरकारी वास छोड़ दें या एफ० आर० 45-बी के अन्तर्गत गणित मानक किराया अथवा एफ० आर० 45-ए के अन्तर्गत पूल्ड मानक किराया, इन में से जो भी अधिक हो, मकान के स्वामित्व अर्जित करने की तारीख से दें । लेकिन, यदि सूचना समय के भीतर नहीं दी गयी है तो प्रश्नाधीन मकान के स्वामित्व के अर्जन की तारीख से आवंटन रद्द समझा जाता है और बाज़ार भाव के किराये के बराबर क्षति की वसूली तथा मकान खाली करने की कार्रवाई की जाती है ।

मकान बनाने के लिये ऋण

2803. श्री प्र० चं० बरुआ: : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को मकान बनाने के लिए ऋण देने की योजना चालू होने के बाद क्या मकानों के निर्माण की लागत में औसतन वृद्धि हुई है ;

(ख) क्या निर्माण की लागत में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सरकार का विचार उक्त योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों को दिये जा सकने वाले ऋणों की अधिकतम सीमा में वृद्धि करने का है ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या कुछ श्रेणियों के कर्मचारी योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं हैं; और

(ङ) यदि हां, तो वे कौन सी श्रेणी के कर्मचारी हैं ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) जी हां । अप्रैल, 1956 में इस योजना के फिर से चालू होने के बाद मकानों के निर्माण की लागत लगभग 30 प्रतिशत बढ़ गयी है ।

(ख) और (ग). व्यक्तिगत सरकारी कर्मचारियों को दी जा सकने वाली ऋण की राशि पहले ही से 24 महीने के वेतन से बढ़ा कर 36 महीने के वेतन तक कर दी गयी है बशर्ते 25,000 रूपये से अधिक न हो । निम्न आय के कर्मचारियों को 4800 रूपये का ऋण दिया जाता है चाहे यह राशि 36 महीने के वेतन से अधिक हो जाये । यह योजना निम्न तथा मध्य आय वर्गों के सरकारी कर्मचारियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बनाई गई है । इस योजना के अन्तर्गत दी जा सकने वाली राशि पहले ही से साधारण जनता के लिए मध्य आय वर्ग आवास योजना के अन्तर्गत दी जा सकने वाली राशि से जो कि 20,000 रुपये है, अधिक है । इसलिये केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए ऋण की सीमा बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(घ) और (ङ). केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के निम्नांकित वर्ग इस योजना के अन्तर्गत ऋण के लिए पात्र नहीं है :

(1) अस्थाई केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी जिन्होंने लगातार 10 वर्ष सेवा नहीं की है ।

(2) अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी जैसे कि आई० सी० एस०, आई० ए० एस०, आई० पी० एस० आदि जो कि आवधिक आधार पर केन्द्रीय सरकार में छः वर्ष से कम की प्रतिनियुक्ति पर हैं ।

मकान किराया भत्ता

2804. **श्री दी० चं० शर्मा** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि यद्यपि मंहगाई भत्ता केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के मूल वेतन में मिला दिया गया है किन्तु 15 प्रतिशत मकान किराया भत्ते की सीमा वही है ;

(ख) क्या इस सीमा को बढ़ाने की सम्भाव्यता पर विचार किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम रहा ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) जी, हां । 'ए' वर्ग के नगरों में वेतन की जिस सीमा तक किराये की रसीद की जांच कराये विना, वेतन के 15 प्रतिशत के हिसाब से मकान किराया भत्ता मिल सकता है, वह 250 रुपया प्रतिमास ही है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) इस सीमा को न बढ़ाने का फैसला किया गया है ।

नेफा माइक्रो हाइडल परियोजना

2805. **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री तुला राम :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेफा में तीन माईक्रो हाईडल परियोजनाओं के प्रारूप, प्रतिवेदन पूरे हो गए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनकी मुख्य बातें क्या हैं ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव): (क) जी, हां । तीन माईक्रो हाइडल स्कीमें नामशः (1) बामघीला (2) पस्सीघाट और (3) तेजु की परियोजना रिपोर्टें केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग द्वारा तैयार कर ली गई हैं :

(ख) स्कीमों की मुख्य बातें निम्नलिखित हैं:--

बामडीला : इस स्कीम में बामडीला नाले से 2 क्यूसेक पानी का व्यपवर्तन और 1500 फुट लम्बी पावर चैनल के तथा 30-30 किलोवाट के प्रतिष्ठापित उत्पादन यूनिटों के बिजली-घर के निर्माण से 170 फुट ऊंचाई से पानी का उपयोग परिकल्पित है । स्कीम की अनुमित लागत 6.92 लाख रुपये हैं ।

पस्सीघाट : इस स्कीम में सिल्लेकांग नदी से 6 क्यूसेक पानी का व्यपवर्तन और 4220 फुट लम्बी पावर चैनल के निर्माण तथा 40-40 किलोवाट के 4 प्रतिष्ठापित उत्पादन यूनिटों के बिजली-घर के निर्माण से 180 फुट की ऊंचाई से पानी का उपयोग परिकल्पित है ।

तेजु : इस स्कीम में डेराह सरिता से 9 क्यूसेक पानी का व्यपवर्तन और इसका 175 फुट की ऊंचाई से उपयोग, 5165 फुट लम्बी पावर चैनल का निर्माण और 8.07 लाख रुपये की अनुमित लागत पर 90–90 किलोवाट के 4 उत्पादन यूनिटों का प्रतिष्ठापन परिकल्पित है ।

सरकारी क्वार्टरों में छत के पंखे

2806. **श्री दी० च० शर्मा :**
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री यशपाल सिंह :

क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को आवंटित क्वार्टरों में छत के पंखे लगाने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर कितना खर्च होगा और इस कार्य को कब तक पूरा करने का विचार है ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) जी, हां । उन क्वार्टरों के संबंध में जो कि जनरले पूल का भाग हैं तथा इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत हैं ।

(ख) कार्य को पूरा होने में लगभग 2 वर्ष लगेंगे । मोटे तौर पर लागत की संभावना 25 लाख रुपये है ।

जीवन की दीर्घायुता

2808. **श्री कृष्णपाल सिंह** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में दीर्घायुता प्रदान करने वाले तत्वों का अध्ययन कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या इससे ऐसे परिणाम निकले हैं कि किस खुराक और किन अन्य आदतों के कारण जीवन लम्बा और स्वास्थ्यप्रद हो जाता है और किन आदतों से यह छोटा हो जाता है; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस विषय पर कोई पुस्तिका प्रकाशित करने का है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) से (ख) देश में जीवन को दीर्घजीविता प्रदान करने वाले तत्वों के बारे में सरकार ने कोई विशेष अध्ययन नहीं किया है। सुधरी हुई चिकित्सा, जन स्वास्थ्य प्रसूति एवं बाल स्वास्थ्य सेवाएं तथा संचारी रोगों का उन्मूलन अथवा नियंत्रण, पर्यावरणिक तथा सामाजार्थिक अवस्थाओं में सुधार ही वे तत्व हैं जो दीर्घायुता से सम्बन्धित हैं ।

स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर पुस्तिका तथा पैम्फलेटों के रूप में स्वास्थ्य शिक्षा सम्बन्धी सामग्री प्रकाशित करने का काम केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों द्वारा क्रमशः केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा कार्यालय तथा राज्य स्वास्थ्य शिक्षा कार्यालयों के माध्यम से किया जा रहा है ।

दिल्ली में आय-कर दाता

2809. **श्री शिवचरण गुप्त** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में क्रमशः 1951, 1956 और 1961 से 1965 तक प्रत्येक वर्ष में 31 मार्च को आय-कर दाताओं कि संख्या कितनी थी ;

(ख) वित्तीय वर्ष 1964-65 के लिए दिल्ली में कितना आय-कर निर्धारित किया गया; और

(ग) दिल्ली में 31-3-64 और 31-3-65 को कितना आयकर बकाया था ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी): (क) से (ग) सूचना एकत्रित की जा रही हैं और यथाशीघ्र सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

आसाम में चोरी छिपे लाया गया चीनी सामान

2810. **श्री रघुनाथ सिंह :**
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्रीमती रेणुका बड़कटकी :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सीमा-शुल्क अधिकारियों ने हाल ही में भारी मात्रा में चीनी माल पकड़ा है जो गारो पहाड़ियों को पार करके पाकिस्तान के जरिये आसाम में चोरी छिपे लाया गया था;

(ख) यदि हां, तो किस प्रकार का और कितना सामान पकड़ा गया है; और

(ग) भविष्य में इस प्रकार के तस्कर व्यापार को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी): (क) और (ख) अप्रैल, 1965 के पहले सप्ताह में सीमा-शुल्क पदाधिकारियों ने चीन में बने लगभग 1200 रु० की कीमत के गैलवैनाइज्ड तारों के तेरह बण्डल पकड़े जब कि उनको एक ट्रक में गारो पहाड़ियों पर से ले जाया जा रहा था ।

(ग) रोकथाम के उपाय सख्त कर दिये गये हैं । सीमा-पुलिस के सहयोग से सीमा-शुल्क पदाधिकारी कड़ी चौकसी रख रहे हैं ।

पंजाब में उद्योग

2810. **श्री दलजीत सिंह :**
श्री चुनी लाल :

क्या **योजना** मंत्री 26 नवम्बर, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 515 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाब में भारी तथा मध्यम श्रेणी के उद्योग स्थापित करने के लिए अधिक धन देने के बारे में अब जांच पड़ताल पूरी हो चुकी है और निर्णय किया जा चुका है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) जी, अभी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

झुग्गियों का गिराया जाना

2813. श्री बाल्मीकी :
श्री तुलसीदास जाधव :
श्री बूटा सिंह :

क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 6 अप्रैल, 1965 को मिन्टो पुल, दिल्ली के निकट राउज एवेन्यू में 70 से अधिक झुग्गियां और झोंपड़ियां गिराई गईं;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन में रहने वालों को इसकी कोई सूचना नहीं दी गयी थी; और

(ग) सरकार ने इन लोगों को बसाने के लिये क्या कार्यवाही की है ।

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना): (क) से (ग). मिन्टो पुल के निकट राउज एवेन्यू में गैर कानूनी तौर पर बैठे हुए 61 परिवारों को 6 अप्रैल, 1965 को हटाया गया था । उन सब को झुग्गी झोंपड़ी हटाने की योजना के अन्तर्गत वैकल्पिक वास देने का प्रस्ताव किया गया । उन में से 57 परिवारों ने प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और वज़ीरपुर तथा सीलमपुर की बस्तियों में आवंटित प्लाटों पर आधिपत्य जमा लिया । शेष चार परिवारों ने प्रस्ताव से कोई लाभ नहीं उठाया, और संभवतः उन्होंने अपनी निजी व्यवस्था कर ली ।

परिवार नियोजन निदेशालय

2814. **श्री प्र० चं० बरुआ :** क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या सरकार परिवार नियोजन निदेशालय का स्तर ऊंचा करके उसे मंत्रालय के स्तर पर लाने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उस पर क्या निर्णय किया है; और

(ग) वर्तमान निर्देशालय को परिवार नियोजन योजनाओं की क्रियान्विति में क्या कठिनाइयां हों रही हैं तथा उन्हें कैसे दूर किया जायेगा ।

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर): (क) जी नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) कार्य-प्रणाली सम्बन्धी विलम्ब कभी कभी हो जाया करते हैं । उन्हें दूर करने के उपाय निकाले जा रहे हैं ।

मद्रास राज्य में गांवों में विद्युतीकरण

2875. **श्री धर्मालिंगम :** क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मद्रास राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युतीकरण के लिये 1964-65 में कितनी राशि नियत की गई थी;

(ख) क्या नियत की गई सारी राशि का उपयोग कर लिया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव): (क) भारत सरकार ने 30 करोड़ रुपये की धन राशि नियत की है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

संतति निग्रह की गोलियां

2816. **श्री कोया :**
श्री नरेन्द्र सिंह महीड़ा :
श्री बूटा सिंह :

क्या **स्वास्थ्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान कनाडा के एक मनश्चिकित्सक डा० विक्टोरिया वोजे के इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि संतति निग्रह की गोलियों से स्त्रियों में पुंसत्व अधिक हो जाता है ;

(ख) उनकी इस वक्तव्य पर क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) क्या सरकार का विचार भारतीय स्त्रियों के लक्षणों को बनाये रखने के लिये इन गोलियों के प्रयोग को हतोत्साहित करने का है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). भारत में खाये जाने वाले गर्भरोधकों के आम प्रयोग की अनुमति नहीं दी गई है ।

पीत ज्वर

2817. **श्री श्रीनारायण दास** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संघ की संचारी रोग राष्ट्रीय संस्था और भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् के बीच पीत ज्वर के सम्बन्ध में संयुक्त विचार-विमर्श हुआ था ; और

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसा कुछ हुआ है जिससे भारत में इस रोग का उन्मूलन किया जा सके ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) जी हां। पीत ज्वर तथा अन्य सम्बन्धित संगरोधी विषयों की विभिन्न बातों पर विचार-विमर्श करने के लिये पीत ज्वर सलाहकार समिति की एक नियमित बैठक 5 और 6 अप्रैल, 1965 को नई दिल्ली में हुई। राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान् तथा भारतीय चिकित्सा अनुसन्धान परिषद् के निदेशक इस समिति के नियमित सदस्य हैं किन्तु विश्व स्वास्थ्य संगठन, लंका और पाकिस्तान के प्रतिनिधियों को भी सार्वजनिक हित के संगरोधी विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए इस बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था ।

ग्रिड के लिये ट्रांसमिशन

2818. **श्री श्रीनारायण दास** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रिड के लिये कोई नई ट्रांसमिशन पद्धति निकालने के लिये भारत-फ्रांस तकनीकी सहायता के अन्तर्गत कोई अध्ययन किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो जिन समस्याओं का अध्ययन किया जा रहा है उनका सही सही स्वरूप क्या है ?

सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) : (क) जी, हां।

(ख) इन अध्ययनों का सम्बन्ध पूर्व क्षेत्रीय ग्रिड (जिसमें बिहार और पश्चिम बंगाल के राज्यों की, दामोदर घाटी निगम प्रणाली और उड़ीसा समेत, विद्युत प्रणालियां हैं) से है। इन अध्ययनों को चौथी योजनावधि के अन्त तक पारेषण प्रणाली की आवश्यकताओं का पता लगाने के लिये और पांचवीं तथा छठी योजना अवधियों के लिये उत्पादन और पारेषण आवश्यकताओं की एक विस्तृत दीर्घकालीन तस्वीर जानने के लिये भी किया जाएगा।

केरल में रतिरोग

2820 **श्री कोया** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में नैतिक तथा सामाजिक स्वास्थ्य संस्था द्वारा दिये गये सुझावों के आधार पर केरल राज्य में रतिरोगों के उपचार के लिए सरकार की कोई योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य मुख्य बातें क्या हैं ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) और (ख). भारतीय नैतिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य विज्ञान संघ के सुझावों के आधार पर केरल राज्य में कोई ऐसी योजना चलाने का प्रश्न सरकार के विचाराधीन नहीं हैं। किन्तु दूसरी और तीसरी पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत देश में चलाये जा रहे केन्द्र सहायित रतिरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अधीन केरल राज्य में 6 जिला रतिरोग क्लीनिक स्थापित किय गये हैं। अनावर्ती खर्च के 75 प्रतिशत और आवर्ती खर्च के 50 प्रतिशत की पूर्ति के लिये राज्य सरकार को केन्द्रीय सहायता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त रतिरोग क्लीनिकों के लिये पी० ए० एम० मुफ्त दिया जा रहा है और रतिरोग नियंत्रण में प्रशिक्षण के लिये राज्य सरकार द्वारा मनोनीत उम्मीदवारों को छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

केरल में मलेरिया का प्रकोप

श्री कोया : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केरल के कुछ नगरों में मलेरिया का अब भी जोर है ;

(ख) क्या सरकार ने राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन दल को वापिस बुलाने का निश्चय किया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) जी नहीं।

(ख) जी हां।

(ग) मलेरिया उन्मूलन की निष्पत्ति के पश्चात् राज्य में चल रहे सभी 14.5 राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एकक अन्तिम चरण में पहुंच चुके हैं जहां मलेरिया के दुबारा होने को रोकने के लिये आवश्यक निगरानी कार्य राज्य की सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा किया जाता है। इस उद्देश्य के लिये इस सेवा को सुदृढ़ किया जा रहा है।

केरल में चेचक का प्रकोप

2822. **श्री कोया** : क्या **स्वास्थ्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केरल राज्य के कुछ क्षेत्रों में चेचक फैली हुई है ;

(ख) क्या ऐसी परिस्थिति में सरकार ने राष्ट्रीय चेचक उन्मूलन कार्यक्रम को बन्द करने का निश्चय किया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस समय इस विषय में क्या स्थिति है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर): : (क) जी नहीं। केरल राज्य में जिसकी जन संख्या लगभग 184 लाख है, (1965 के मध्य में अनुमानित जन-संख्या), जनवरी, फरवरी और मार्च, 1965 में केवल 24 घटनायें तथा 6 मौतें हुई। ये घटनाएं कोझी-कोदे, त्रिचूर और कन्नानोर नामक तीन जिलों तक ही सीमित थीं। शेष 6 जिलों से किसी घटना की सूचना नहीं मिली है।

(ख) जी नहीं। गत वर्ष स्थापित किये गये 6 के 6 उन्मूलन एकक चालू वर्ष में काम कर रहे हैं और आशा है कि वे सारे राज्य में इस वर्ष मौपिन्ग-अप-आपरेशन पूरा कर लेंगे।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

मुरादाबाद में सोने का पकड़ा जाना

2823. **श्री किन्दर लाल :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय उत्पादन शुल्क कर्मचारियों ने 11 अप्रैल, 1965 को मुरादाबाद में बस अड्डे पर बस से उतरते हुए तस्कर व्यापारियों के गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया और उससे 18,000 रुपये के मूल्य के सोने की ईंटें बरामद कीं ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार का विचार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) 8 अप्रैल, 1965 को मुरादाबाद बस स्टेंड पर एक व्यक्ति से केन्द्रीय उत्पादन शुल्क कर्मचारियों ने 7,500/- रुपये की कीमत का सोना पकड़ा।

(ख) व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

सभा पटल रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

लेखा-परीक्षा प्रतिवेदन (वाणिज्यिक), 1965

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी): मैं संविधान के अनुच्छेद 151 (1) के अन्तर्गत लेखा-परीक्षा अधिनियम (वाणिज्यिक), 1965, की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०—4299/65]**

पत्तन तथा गोदी श्रमिकों के लिये केन्द्रीय मजूरी बोर्ड की सिफारिशों के बारे में संकल्प

श्रम और रोजगार मंत्री (श्री संजीवय्या): मैं बड़े पत्तनों पर पत्तन तथा गोदी श्रमिकों के लिये केन्द्रीय मंजूरी बोर्ड की सिफारिशों के बारे में सरकारी संकल्प सं० डब्लयू० बी० 21 (13) 65, दिनांक 27 अप्रैल, 1965, की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये सं० एल० टी०—4300/65]**

राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम की वर्ष 1963–64 की वार्षिक रिपोर्ट और इस पर सरकार द्वारा समीक्षा

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) मैं निम्नलिखित पत्रों की एक एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं।

(एक) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 क की उप-धारा (1) के अन्तर्गत राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड, नई दिल्ली की वर्ष 1963–64 की वार्षिक रिपोर्ट, परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(दो) उक्त कम्पनी के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा।

[पुस्तकालय में रखे गए। देखिये सं० एल० टी० 4301/65]

केरल सामान्य बिक्री-कर नियमों का संशोधन तथा सीमा शुल्क अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्री रामेश्वर साहू): मैं निम्नलिखित पत्रों की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं:

(ए) राष्ट्रपति के कृत्यों का निर्वहन करते हुए उप-राष्ट्रपति द्वारा केरल राज्य के सम्बन्ध में जारी की गई दिनांक 24 मार्च, 1965 की उदघोषणा के खण्ड (ग) (चार), के साथ पठित केरल सामान्य बिक्री-कर अधिनियम, 1963 की धारा 57 की उप-धारा (3) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० 44/65 की एक प्रति जो दिनांक 23 फरवरी, 1965 के केरल राजपत्र

में प्रकाशित हुई थी, तथा जिसके द्वारा केरल सामान्य बिक्री कर नियम, 1963 में कुछ संशोधन किये गये थे।

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०—4302/65]

(दो) सीमा शुल्क, अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 569, दिनांक 9 अप्रैल, 1965 की एक प्रति।

[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०—4303/65]

प्राक्कलन समिति

ESTIMATES COMMITTEE

तिरासीवां प्रतिवेदन

श्री अरुण चन्द्र गुह (बारसाट) : मैं शिक्षा मंत्रालय—विश्व भारती विश्वविद्यालय—के बारे में प्राक्कलन समिति का तिरासीवां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं।

लोक लेखा समिति

PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

अड़तीसवां प्रतिवेदन

श्री मुरारका (झुंझनू) : मैं उद्योग तथा सम्भरण मंत्रालय (सम्भरण तथा तकनीकी विकास विभाग), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, परिवहन मंत्रालय (कलकत्ता, बम्बई तथा मद्रास के पत्तन न्यासों सहित), सामाजिक सुरक्षा विभाग सम्बन्धी विनियोग लेखों (असैनिक) 1962–63 तथा लेखापरीक्षा रिपोर्ट (असैनिक), 1964 और सूचना और प्रसारण मंत्रालय सम्बन्धी लेखापरीक्षक रिपोर्ट (वाणिज्यिक), 1964 के बारे में लोक लेखा समिति का अड़तीसवां प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं।

सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति

COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES

तीसरा प्रतिवेदन

श्री सिद्धनंजप्पा (ह न) : मैं सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति का तीसरा प्रतिवेदन उपस्थापित करता हूं।

अतिरिक्त अनुदानों की मांगें (सामान्य), 1962-63

DEMANDS FOR EXCESS GRANTS (GENERAL), 1962-63

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : मैं वर्ष 1962-63 के आय-व्ययक (सामान्य) सम्बन्धी अतिरिक्त अनुदानों की मांगें दिखाने वाला एक विवरण उपस्थापित करता हूं ।

लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक

REPRESENTATION OF THE PEOPLE (AMENDMENT) BILL

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव) श्री अ० कु० सेन की ओर से मैं प्रस्ताव करता हूं कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

श्री जगन्नाथ राव: मैं विधेयक को पुरस्थापित करता हूं ।

अनुदानों की मांगें-जारी

DEMANDS FOR GRANTS—*contd.*

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय—जारी

अध्यक्ष महोदय : सभा अब खाद्य तथा कृषि मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर चर्चा आरम्भ करेगी । इसके लिये निर्धारित 9 घंटों में से 2 घंटे 50 मिनटों तक चर्चा हो चुकी है और 6 घंटे 10 मिनट शेष हैं । श्री राधेलाल व्यास अपना भाषण जारी रखेंगे ।

Shri Prakash Vir Shastri : I had given notice of calling attention regarding the Aligarh Muslim University incident, in reply to which you had stated that it is a State subject. But the U.P. Chief Minister has stated in the State Vidhan Sabha, that the University is under the control of the Centre. ....

Mr. Speaker : You may write to me or see me in this connection.

Shri Rameshwaranand : I want to raise a point of order.

Mr. Speaker : There is no point of order at the moment. However, you may see me in my Chamber. Now kindly allow the proceedings of the House to be resumed.

Shri Radhelal Vyas (Ujjain) : The problem of food scarcity in the country has continued to grow since long. Whereas in 1956 we imported 14 lakh tons of foodgrains, the imports have now risen to 62 lakh tons in 1964. Drastic steps are needed to tide over the situation. In this connection, my first suggestion is to give exemption of land revenue to those farmers who grow foodgrains and to increase it in the case of crops other than foodgrains. Increasing the number of fertiliser factories alone will not solve the problem. Other steps also will have to be taken. What a pity that on the one hand we

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए ।
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair.*]

are setting up fertiliser factories to meet the demand of the country, and on the other, cowdung is being wasted on a very large scale in villages for want of fuel which could substitute cowdung. This criminal wastage should be stopped forthwith and soft-coke, gas or fire-wood should be made available to the villagers. If cowdung were properly utilised as manure, we would have saved crores of rupees, which are drained out of the country every year. Trees are disappearing rapidly and the cost of fire-wood is very high. This is also a very serious matter.

Till the time we are able to produce sufficient number of tractors and the farmers can afford it, they will have to depend on bullocks for agriculture. Pair of bullocks is also very costly, their breed is deteriorating and their number dwindling rapidly. We should therefore ban cow-slaughter more from the economic rather than religious point of view. This will result in increased yield of milk also. If necessary, Constitution should be amended to ban cow-slaughter by law.

The economic condition of M.P. is appalling. Farmers do not get timely loans, poverty and unemployment are rampant in the State. Irrigation facilities also do not exist there. Proper attention should be paid to all these problems to ameliorate the condition of the State. It is long, since it was decided to set up Regional Forest Research Institute at Gauhati and in M. P. The scheme has not yet been sanctioned and this has been complained by the Estimates Committee also. This should be expedited.

Chambal Ravines are the dens of dacoits. This area should be developed to convert it into cultivable land. The Central Government should prepare special project for the purpose.

श्री बालकृष्णन (कोइलपट्टी) : हाल का खाद्य संकट दूर करने के लिये खाद्य तथा कृषि मंत्री ने जिस पटुता से कार्यवाही की है उसके लिये वह बधाई के पात्र हैं ।

क्योंकि हमारा देश कृषि-प्रधान है इसलिये कृषि के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिये । यद्यपि इस क्षेत्र में काफी विकास हुआ है और बड़ी बड़ी परियोजनाएं बनी हैं, परन्तु खाद्य समस्या बराबर बनी हुई है, इसका एक कारण जनसंख्या में वृद्धि का खाद्य उत्पादन की वृद्धि से अधिक होना है । इसलिये कृषि के क्षेत्र में और अधिक प्रयत्न करने के साथ साथ जनसंख्या में वृद्धि रोकने के लिए भी प्रयत्न किया जाना चाहिये ।

[श्री बालकृष्णन]

कुछ दिन हुए मुझे दिल्ली प्रशासन के कुछ खण्ड क्षेत्र देखने का अवसर मिला था । मैंने देखा कि कृषि योग्य भूमि बड़ी मात्रा में खाली पड़ी है । पूछने पर बताया गया कि यह भूमि 7 वर्ष से खाली पड़ी है क्योंकि निर्माण तथा आवास मंत्रालय ने भवन निर्माण के लिये इस पर अधिकार कर लिया है । यह तो बहुत बुरी बात है । जब तक भवन निर्माण कार्य वास्तव में आरम्भ न हो जाए, खेती जारी रहनी चाहिये । खाद्य तथा कृषि मंत्री को निर्माण तथा आवास मंत्री से इस संबंध में बात करनी चाहिये ।

खण्ड क्षेत्र में जो कृषक क्लब बनाया गया है, वह बहुत अच्छा कार्य कर रहा है । यह क्लब जो 100 मनों वाले क्लब के नाम से भी विख्यात कृषकों, को अधिक उत्पादन की प्रेरणा देता है । ऐसे क्लब समस्त देश में स्थापित होने चाहियें । बीज सुधारने का काम भी यह क्लब सराहनीय कर रहा है । मिश्रित किस्म के बीजों के प्रयोग से उत्पादन दुगना हो सकता है ।

कृषकों को मशीनी तथा आधुनिक औजार उपलब्ध किये जाने चाहियें और इस मनोरथ के लिये सरकारी क्षेत्र में उत्पादन आरम्भ होना चाहिये ।

सीमेंट की कमी की शिकायत गांवों में आम है । कृषकों के लिये सीमेंट का विशेष निर्धारण होना चाहिये ।

कुछ सिंचाई परियोजनाएं न लघु हैं और न बड़ी हैं । इन मध्यम श्रेणी की योजनाओं की उपेक्षा की गई है । तीन ऐसी परियोजनाएं तो मेरे तालुके में ही हैं इन को प्राथमिकता दी जानी चाहिये ।

Shri Brijraj Singh (Bareilly) Every year, at the time of discussion of the Demands for Grants of the Ministry, so many suggestions are made but they are invariably ignored and the situation does not change. It has become an annual ritual which has no meaning and significance at all. The irony is that we know the disease but not the treatment. Perhaps we know the treatment also, but do not apply it and are experimenting with foreign remedies.

Farmers are receiving very rough treatment at the hands of the Government. They are being told to believe that they are ignorant of the very fundamentals of agriculture and when acting upon their advice the farmers act likewise and the results are the same, they are told that this is nature's wrath and everybody is helpless in the matter which the farmer is bare of body and empty of stomach, he is constantly reminded of the tremendous progress he is making. The country cannot make any progress in industrialisation, defence, education and prestige unless our agriculture develops.

We import foodgrains, but we cannot even handle it properly. For this purpose also we require the assistance of foreign experts. This is the extent to which we have reached in lack of self-confidence. Sindri Fertilizers required modern equipment worth 20 lakh rupees in foreign exchange. This was not granted but instead we imported fertilisers worth 10 crores of rupees. This is another example of thoughtlessness on our part.

The Annual budget is presented and passed before 31st March, whereas the harvest arrives in May-June. We prepare the budget on supposition which is usually wrong. Hence Budget should be presented sometimes after the harvest season. We are blindly imitating the British which is a mockery.

Constructive proposals coming from the Opposition are not accepted, which is not fair.

It is said that Ministers and high officials should go to villages off and on. I suggest that informed tours will not serve any purpose. Only surprise visits will have some effect on village life.

Unfortunately the villager is being pulled by too many strings in different direction, resulting in much pain to the farmer without any result. The hon. Minister should pay proper attention to the villages and remove all duplication and confusion.

The village level worker should be given coordinated training, his pay should be increased and one village should be assigned to each village level worker. A Block Development Officer should be appointed to coordinate the work of village level workers. All inspectors should be dispensed with.

Chaos prevails in the name of land reforms. There is no uniformity of standards in this mater. Every State is going its own way. The centre should not run away from its responsibility under the plea that land reform is a State subject you will have to consider this matter some day. Until the centre exercises effective control in the matter of food and agriculture, there will be no progress in that direction.

Chief Ministers' conference was convened but no decision was taken regarding abolition of zonal system. You should no succumb to pulls and pressures. This matter should not be dealt with in a partisan spirit. You should work in the spirit of service of the nation and not with an eye on the elections.

श्री जेना (भद्रक) : श्रीमन्, मनुष्य का जीवित रहना तभी सम्भव है जब उसे आवश्यक अन्न प्राप्त हो। भारत समूचे संसार में एक कृषि प्रधान देश के रूप में विख्यात रहा है और हमें इस पर गर्व है। हम पिछले 18 वर्ष से स्वतंत्र हैं परन्तु इस अवधि में हम खाद्य समस्या हल नहीं कर पाये हैं। हम स्वतंत्र हैं इसलिए अपनी समस्याओं के लिए किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते।

हमने दो पंचवर्षीय योजनायें पूरी कर ली हैं और तीसरी पूरी होने वाली है। परन्तु जहां तक खाद्यान्न की स्थिति का सम्बन्ध है, हमारी प्रगति सराहनीय नहीं है। हम लगभग प्रत्येक वर्ष विदेशों से खाद्यान्नों का आयात कर रहेहैं। यह हमारे जैसे स्वतंत्र कृषि प्रधान देश के लिए कोई अच्छा लक्षण नहीं है कि प्रति वर्ष हमारा खाद्यान्नों का आयात बढ़ रहा है।

खाद्यान्न की कमी एक महान समस्या है और इस पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण से विचार करना चाहिये। यह समस्या रक्षा की समस्या से कम गम्भीर नहीं है। हमें अपने कृषकों तथा कृषि श्रमिकों का भी उतना ही ध्यान रखना चाहिये जितना कि हम अपने जवानों का रख रहे हैं। हम खाद्य की समस्या का समाधान किये बिना अपनी सीमाओं पर आक्रमणकारियों का मुकाबला नहीं कर सकते। हमें प्राथमिकताओं को फिर से निश्चित करना चाहिये।

कुछ दिन पहले हम यहां कम मूल्य वाली कारों के उत्पादन पर चर्चा कर रहे थे और इस के लिए आग्रह कर रहे थे। इस समय उस की इतनी क्या आवश्यकता है जबकि खाद्यान्न के अभाव की जटिल समस्या हमारे सामने है ?

हम में से कुछ ने इस बात की मांग की है कि खाद्यान्नों का मूल्य निर्धारित किया जाना चाहिये। खाद्यान्नों के मूल्य निर्धारण के साथ साथ अन्य उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्य भी निर्धारित किये जाने चाहियें। जैसे अन्य वस्तुओं के सम्बन्ध में होता है, खाद्यान्न के भाव निर्धारित करते समय भी उसके उत्पादन पर जो लागत आती है उसे ध्यान में रखा जाना चाहिये।

[श्री जेना]

इस वर्ष उड़ीसा में चावल और धान के अधिकतम मूल्य निर्धारित किये गये हैं जिसका परिणाम यह हुआ है कि खरीद बहुत ही कम हुई है और उत्पादकों को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। खाद्य मंत्री को इस ओर ध्यान दे कर इस कठिनाई को दूर करना चाहिये।

जब हम खाद्यान्नों का आयात करते हैं तो हमें उच्च मूल्य देने होते हैं और उन्हें ऐसे मूल्य पर बेचना होता है जिस पर जनता उसे खरीद सके। इसी प्रकार हमें ऐसी व्यवस्था करनी चाहिये कि उत्पादक भी घाटे में न रहे और उपभोक्ता को भी दिक्कत न हो।

सबसे पहले हमें कृषकों को आश्वस्त करना चाहिये कि उनकी फसलें बाढ़, अनावृष्टि तथा कृमिकों से सुरक्षित रहेंगी। यह बातें हमारे देश में आम हैं। वैज्ञानिक कृषि के सम्बन्ध में उन्हें समय पर विशेषज्ञों द्वारा मंत्रणा दी जानी चाहिये। कृषकों को अच्छे बीज, सुधरे हुये कृषि के औजार तथा अच्छे उर्वरक उपलब्ध कराये जाने चाहियें। इससे पूर्व हमें भूमि सम्बन्धी पूरी जांच तथा अनुसंधान करना चाहिये कि कहां कौन सी फसल उपयुक्त रहेगी।

इस प्रकार यह बहुत बड़ा काम है परन्तु दुर्भाग्य से राज्यों में खाद्य मंत्री की अपनी कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए खंड विकास कर्मचारियों की सहायता आवश्यक है। उन्हें सहायता के लिए कहा जाना चाहिये।

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में नलकूप खोदने पर ध्यान दिया जाना चाहिये। उनका प्रयोग बाढ़ों के हट जाने के बाद किया जा सकता है। सिंचाई के काम के लिए भूमिगत जल के प्रयोग के प्रश्न पर भी ध्यान दिया जाना चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं मांगों का समर्थन करता हूं।

Shri R. S. Tiwary (Khajuraho): The provision of food is the responsibility of this Ministry hence it is but natural that the whole contry is particularly interested in the discussion regarding this Ministry.

The reason for shortage of food in India is that as a result of partition India was left with more population and comparatively lesser land. Pakistan got 25 per cent land for only 17.5 per cent of population. Whereas we got 82·5 per cent population for 75 per cent of land. Apart from that, there was great influx of refugees, increasing the pressure on land. Secondly, the Government did not pay particular attention to the increase of agricultural production. We did not realise that agriculture should come first because industry has to depend on it. Agriculture should be treated by everybody as a national enterprise. The agriculturists are simple people and everybody tries to exploit and harass them.

One of the main reasons of low agricultural production is litigation. On the death of a farmer, mutation of property takes a very long time as a result of which sixteen lakh farmers have to attend the Courts daily. The Government does not pay attention to their difficulties.

There is need for imparting agricultural education in the Country. The way of thinking in the country should be improved. We should respect the dignity of labour. The agriculturist should be given due respect.

The Government have spent Rupees 400 crores on the import of foodgrains and they have earmarked Rupees five hundred crores for this purpose during the next plan. There is no shortage of foodgrains but there is slackness on the

part of the Government. Zones have been formed but the sentries on duty allow the foodgrain to cross the border on receipt of certain amount.

The prices of foodgrains should be uniform throughout the country. That will do away with the need for controls and ban on movement.

India is leading in the world in the matter of taking loans. We have to import the foodgrains under P.L. 480. The production of foodgrains can be increased if cowdung manure is developed. If Government supplied even inferior quality of coal to the villages, which was lying unused in Madhya Pradesh, there could be substantial increase in cowdung manure.

There are instances when the required customs duty on tractors is deposited, but the tractors are not available. The Government should pay attention to this matter.

The Government of Madhya Pradesh has supplied sixty lakh tons of rice to the central Government. If the Central Government gives assistance to Madhya Pradesh Government for development, more foodgrains could be available from that State.

श्री अलवारेस (पंजिम) : श्रीमन्, कल सभा में देश की सुरक्षा और विदेशी आक्रमण का सामना करने की नीति पर वाद-विवाद हुआ था । यदि वर्तमान काल में आक्रमण का मुकाबला करना है तो उसके आर्थिक क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करना होगा । जब तक देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ नहीं किया जाता तब तक आक्रमण का सामना करना और युद्ध लड़ना कठिन है । खेती के क्षेत्र में, जिस पर हमारी 70 प्रतिशत जनता निर्भर है, यह जरूरी हो जाता है कि कृषक की ओर सब से अधिक ध्यान दिया जाये । सदा ही हमारी सरकार ने उद्योगों की तुलना में कृषि को कम महत्व दिया है । हमारे जैसी विकासशील अर्थव्यवस्था में, जहां अधिक योगदान खेती से मिलता हो, किसी भी सरकार द्वारा इस प्रकार की गई भूल को कभी भी क्षमा नहीं किया जा सकता । इसलिए मैं आशा करता हूं कि इस वाद-विवाद के कारण देश में कृषि की स्थिति के बारे में कोई नई दृष्टि डाली जा सकेगी ।

हमारी कृषि अर्थव्यवस्था के आधारभूत तत्वों को तीन भागों में बांटा जा सकता है—उत्पादन, मूल्य तथा वितरण । इन सभी मामलों में सरकार बुरी तरह असफल रही है । हमारी राष्ट्रीय आय का 50 प्रतिशत कृषि से प्राप्त होता है । उत्पादन और वितरण का कोटा कृषक समुदाय के हितों के सर्वथा विपरीत होता है । जब तक यह असंतुलन दूर नहीं किये जाते तब तक इस बात की सम्भावना नहीं है कि हम सामाजिक उन्नति कर सकते हैं ।

कृषि सम्बन्धी कुल उत्पादन केवल एक प्रतिशत बढ़ा है । यह तर्क दिया जा सकता है कि कुल वृद्धि 3.5 प्रतिशत हुई है परन्तु आर्थिक विशेषज्ञों से इस बात का पता चलता है कि कृषि उत्पादन में 2.5 प्रतिशत वृद्धि कृषि के अधीन लाई गई अतिरिक्त भूमि के कारण हुई है । इतनी कम वृद्धि के आधार पर भविष्य में आने वाले संकट का सामना करने की आशा नहीं की जा सकती ।

यद्यपि कुछ समय तक अनाज की खपत की प्रति व्यक्ति होने की मात्रा में वृद्धि होगी तथापि जब देश आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ेगा तब खाने के लिए अनाज पर निर्भरता अवश्य कम हो जायेगी । प्रत्येक औद्योगिक और प्रगतिशील आधुनिक समाज में कम विकसित और विकासशील देशों के मुकाबले में अनाज की प्रति व्यक्ति खपत कम होती है । यदि सरकार इस मामले को सभी स्तरों पर हल करे, अन्य खाद्य पदार्थों—दूध, सब्जियां, गोश्त तथा मछली आदि का प्रयोग बढ़वाये तो मझे

[श्री अलवारेस]

विश्वास है कि अनाज पर हमारी निर्भरता कम हो जायेगी तथा स्थिति इतनी गम्भीर नहीं रहेगी। कठिनाई यह है कि सरकार लोगों के लिए खाद्य की व्यवस्था करने का ठीक तरीका नहीं जानती।

हमारे आयात से असंतुलन का पता लगता है। हमने कमी से अधिक आयात किया है, इसके बारे में स्पष्टीकरण किया जाना चाहिये। इसका कारण यह है कि हमारी वितरण व्यवस्था इतनी त्रुटिपूर्ण है कि हम यह पता नहीं लगा सकते कि खाद्यान्न किस स्थान पर है और आवश्यकता वाले क्षेत्रों में इसका वितरण नहीं कर सकते।

इसलिये, यह आवश्यक है कि सरकार न केवल उत्पादन में वृद्धि की व्यापक घोषणा करे बल्कि इस बारे में इस प्रकार काम करे कि इस से सत्यनिष्ठा का प्रमाण प्राप्त हो। उदाहरण के लिए हम हर जिले में एक ताल्लुक ले सकते हैं और उस ताल्लुक को उस जिले के लिए उर्वरक प्राकृतिक खाद, ऋण की सुविधाओं और ग्रामीण आवास आदि के लिए प्रयोग का आधार बनाया जा सकता है ताकि उस प्रयोग की सफलता के कारण दूसरे निकट के ताल्लुकों में चेतना लाई जा सके।

दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न मूल्यों का है। दुर्भाग्य से कृषि मूल्यों के सम्बंध में इतना विचार नहीं किया जाता जितना कि औद्योगिक वस्तुओं के मूल्यों के सम्बन्ध में किया जाता है। भारत को समान आर्थिक स्तर पर लाने के लिए कृषि वस्तुओं के मूल्यों में समानता लाना जरूरी है। इस बात का कोई औचित्य नहीं कि खाद्य निगम कुछ राज्य सरकारों को पृथक रूप से काम करने की अनुमति दे।

जब भी किसी प्रकार का विधान लाया जाता है तो उद्योगपति लाभप्रद मूल्यों का प्रश्न खड़ा कर देते हैं। यह आवश्यक है कि कृषकों को भी लाभप्रद मूल्य मिले। कृषि मूल्य आयोग को यह देखना चाहिये कि लाभप्रद मूल्य निश्चित करते समय पूंजी, ऋण और उर्वरकों आदि सभी बातों पर ध्यान रखा जाये जैसा कि उद्योग के सम्बन्ध में किया जाता है और आयोग इस बात को भी ध्यान में रखे कि भूमि पर सभी परिवार परिश्रम करता है, केवल एक व्यक्ति नहीं।

कृषि के कच्चे माल के निर्यात मूल्यों में कमी की प्रवृत्ति है जबकि उस कच्चे माल से बनी वस्तुओं के मूल्य बढ़ रहे हैं। फल यह हुआ है कि उद्योगपति बहुत अधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सरकार को उचित आधार पर कच्चे माल के मूल्य निश्चित करने के लिये कोई प्रबन्ध करना चाहिये।

क्या कारण है कि इस बात के बावजूद कि पिछले वर्ष चावल का उत्पादन 90 लाख टन अधिक हुआ है, वितरण सम्बन्धी संकट उत्पन्न हुआ है तथा आंध्र, असम और मध्य प्रदेश जैसे फालतू चावल वाले राज्यों में भी केन्द्रीय सरकार को चावल का कोटा भेजना पड़ा। सरकार की वितरण व्यवस्था में कुछ त्रुटि हैं और मुझे आशा है कि वाद-विवाद का उत्तर देते समय सरकार इस को स्पष्ट करेगी।

श्री रेड्डियार (तिंडीवनम्) : उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमान, मैं चाहता हूं कि खाद्य तथा कृषि विभाग को उच्च स्तर का बनाया जाना चाहिये। इसे कम से कम प्रतिरक्षा मंत्रालय के स्तर का होना चाहिये, क्योंकि कृषि उत्पादन से ही हमारी सभी आर्थिक कठिनाइयां दूर हो सकती हैं और इससे हम सभी आर्थिक मांगों को पूरा कर सकेंगे। कृषि उत्पादन को बढ़ाने तथा उसके वितरण में सुधार लाने के लिये खाद्य तथा कृषि मंत्रालय द्वारा बनाई गई योजनाओं को क्रियान्वित करने के रास्ते में वित्तीय कठिनाइयां नहीं खड़ी होनी चाहियें। हमने कई योजनायें बनाई हैं और कई प्रतिवेदन तैयार किये हैं। परन्तु खेद इस बात का है कि इनको ठीक प्रकार से क्रियान्वित नहीं किया जा रहा है। परिणाम

यह है कि हम इन योजनाओं द्वारा जो सफलता प्राप्त करना चाहते थे उसको प्राप्त नहीं कर सके। जो अधिकारी जैसे विस्तार अधिकारी तथा राजस्व निरीक्षक आदि इन योजनाओं को क्रियान्वित करते हैं, उनको बार बार एक स्थान से दूसरे स्थान पर तबदील कर दिया जाता है और छोटी छोटी बातों के लिए उन्हें दिल्ली से मंजूरी लेनी पड़ती है जिसके फलस्वरूप कई योजनायें क्रियान्वित नहीं की जा सकीं क्योंकि दिल्ली से उनकी मंजूरी नहीं दी गई। पहले कई वर्ष तो योजनायें बनाने में लगाये जाते हैं और फिर उनको मंजूर करने के लिये भी चार अथवा पांच वर्ष लग जाते हैं।

कृषि विभाग में अधिकारियों को जिस प्रयोजन के लिये प्रशिक्षण दिया जाता है, उन्हें उस प्रयोजन के लिये नहीं लगाया जाता जिस प्रयोजन के लिये उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। कृषि स्नातकों को औजारों, बीज, खाद आदि के वितरण तथा विक्रय पर तथा उनका हिसाब किताब रखने पर लगाया जाता है। हालांकि जिस प्रयोजन के लिये उन्हें यह शिक्षा दी गई है वह कुछ और ही है। मुझे ऐसे मामलों का भी पता है जिसमें विशेषज्ञों को ऐसे कामों पर लगाया गया और इस प्रकार उनके अर्जित ज्ञान से लाभ नहीं उठाया गया। एक बार गन्ने के विशेषज्ञ को धान का विशेषज्ञ बना दिया गया, क्योंकि उधर उसकी पदोन्नत का रास्ता बन्द था, हालांकि उसको इस क्षेत्र में कोई अनुभव नहीं था। इस प्रकार उनके ज्ञान को नष्ट किया जा रहा है।

इसी प्रकार अनुसन्धान के क्षेत्र में भी कई अनुसंधान योजनायें बनाई गईं और उनसे अच्छे परिणाम भी निकले, परन्तु उन परिणामों से किसानों को अवगत ही नहीं किया गया तो आप ही बतायें कि इस अनुसंधान का क्या लाभ है। हमें इन परिणामों से पूर्ण लाभ उठाना चाहिये। खण्ड विकास कार्य के अन्तर्गत विस्तार सेवा में सुधार करना चाहिये और इसमें किसानों का सहयोग प्राप्त किया जाना चाहिये।

इस विभाग द्वारा प्रकाशित "एग्रीकल्चरल डिवेलपमेंट : प्रोब्लम्ज़ एण्ड प्रेसक्रिपशन" में कृषि उत्पादन सम्बन्धी जिन समस्याओं का उल्लेख किया गया है और उत्पादन को बढ़ाने के लिये जो उपाय सुझाये गये हैं यदि उनको उसी प्रकार क्रियान्वित किया जाता तो मुझे पूर्ण आशा है कि हम कच्चे सामान तथा अनाज में न केवल आत्मनिर्भर ही हो जाते, परन्तु हम अपनी आवश्यकताओं से भी कहीं अधिक उत्पादन कर सकते। परन्तु कठिनाई तो यह है कि सरकार इस पहलू पर विचार गम्भीरता से नहीं कर रही है। इस मंत्रालय के प्रतिवेदन के पृष्ठ 6, कंडिका 124 में यह कहा गया है "कि उत्पादन को बढ़ाने के लिये अनिवार्य चीजों तथा उत्पादन की समुन्नत प्रविधियों का इस प्रकार प्रबन्ध करना पड़ेगा कि यह चीजें किसानों को ग्रामों के निकट, समय पर तथा युक्तियुक्त कीमत पर उपलब्ध हों और इनके साथ ऋण देने के भी पर्याप्त प्रबन्ध हों"। यदि हम इसको सही ढंग से क्रियान्वित कर दें तो कोई कारण नहीं कि उपादन में वृद्धि न हो। परन्तु वास्तव में होता क्या है ? ऋण देने के मामलों म इतनी देरी कर दी जाती है कि जब तक वह राशि किसान तक पहुंचती है, किसान को 50 प्रतिशत से भी अधिक खर्च पहले ही कर देना पड़ता है। अतः उनको ऋण समय पर मिलना चाहिये।

मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि सरकार ने कृषि मूल्य आयोग को नियुक्त किया है। परन्तु खेद इस बात का है कि उसमें किसानों का कोई प्रतिनिधि नहीं है। यह नितान्त आवश्यक है कि उसमें किसानों का भी एक प्रतिनिधि होना चाहिये, क्योंकि किसान ही बता सकता है कि उस वस्तु की कीमत कैसे निर्धारित की जानी चाहिये जिसका वह उत्पादन करता है। मूल्य निर्धारित करते समय मशीनों तथा

[श्री रेड्डियार]

औजारों के मूल्यापकर्ष (डेप्रिसियेशन) और अधीक्षण के लिये भत्ता आदि का भी ध्यान रखा जाना चाहिये ।

यह निर्धारित करते समय कि कहां कितना खाद अथवा उर्वरक पड़ना चाहिये, वहां की मिट्टी की पूरी जांच कर ली जानी चाहिये, ताकि हानि न हो ।

Shri Chandriki (Raichur): Mr. Deputy Speaker, Sir, our country is primarily an agricultural one where 70 per cent of our people live on agriculture, which is the biggest industry and the mother of all industries. It is, therefore, our duty to improve the living standards of those 70 per cent of our people who are engaged in agriculture. But this factor has not been taken into account while making provisions in the Budget. In this connection, I want to draw your attention to the resolution which was passed by the Ruling party at their Bhuvneshwar Session. It had been assured that in the next 10 years, the financial position of the country would be so improved that even the poorest people could have the minimum national income. But very little has been achieved in this direction. So long as we are not able to improve the lot of those 70 per cent of our people who depend on agriculture, we will not be able to achieve the target of production even in the next 10 years. We must, therefore, analyse our achievements in agriculture during the three Plans. Although the acreage under cultivation has increased by 14 million hectares but in spite of this and other facilities we have been extending, the food situation remains the same as it was before. The reason is this that the additional acreage brought under cultivation has gone to cash crops and also the other facilities like fertilisers and irrigation have gone to cash crops. Fertilisers are so costly that the food crops producers cannot afford to purchase them. But because the purchasing capacity of cash crops producers is more than that of food crops producers, thus the fertilisers are going to cash crops. In order to check this trend, I suggest that while cess should be levied on fertilisers given to cash crops producers, rebate should be allowed on the fertilisers given to food crops producers so that the food crops producers are able to purchase more fertilisers and by their application they are able to increase the agricultural production.

The hon. Deputy Minister told that the policy of the Government is farmer-oriented. He also spokes about price-support Policy. Government have fixed the procurement price of wheat at Rs. 20 per maund. When farmer can get much better price for cash crop, why should he produce wheat, gram, barley, etc. That is why the farmers have now started growing more and more of cash crops. It is, therefore, evident that we shall fall short of our requirement of foodgrains. The need is to give remunerative price and incentive price to the farmers. All the prosperous countries like U. S. A. and Japan have done that. Whenever the food problem faced by those countries, thier Governments purchased foodgrains at higher rates and sold at lower rates. Our Government should also do like that. If the Government want to solve the food

(Shri Balgovind Verma)

problem, they will have to pay good price to the farmer for his produce and sell it to the consumers at subsidized rates. Today we are importing Rs. 5,000 crores worth of foodgrains which is not a permanent solution of the problem.

Here the hon. Members have stressed that the price of foodgrains should be brought down, price should be controlled. But I say that if we fix these prices at Rs. 45 per maund it will not be high. I feel that unless remuneration price is given to the farmers, we cannot create incentive in them to produce more.

Today a major portion of the farmers profit is taken away by the commission agents and middlemen. It is true that some sale and purchase societies are functioning but, the commisson agents are creating obstacles in their way, and do not allow them to grow. More attention should be paid towards these societies.

Agriculture in this country cannot progress unless these ministries of Co-operation, Irrigation and Power are brought merged in the Ministry of Food and Agriculture. If this thing is done then there will be co-ordination in the working of these Ministries and their various departments. The farmer will be relieved of much of his worries and much of his time and energy will we saved which he now has to waste in going from one department to another.

There is no doubt that Government is doing something regarding minor irrigation Schemes, but there are some difficulties in obtaining loans.

Government should not refuse loans to the farmers on any score if his financial status or credit worthiness permit it.

There is discrimination in the electricity rates charged in the North and in the South which is highly objectionable. In the North 28 paise per unit are charged for the electricity supplied for the tubewells, whereas in the South they are charging at the rate of 8 or 10 paise per unit. Government supplies electricity to the industry at subsidised rates. Agriculture should be treated at par with industry. Unless uniformity in electricity rates is brought agriculture cannot make headway.

If a farmer takes loan from cane Department, Agriculture Department or Cooperative Department, it is forced upon him to purchase manure equal to 20 or 30 per cent of the loan. It should not be so. We should adopt a productive policy in this regard and not force them becasue they take it in a bad way.

Supposing a farmer takes a loan of 6000 rupees to construct a tubewell, then he will have to spent 25 per cent, *i.e.*, Rs. 1,500 on the purchase of manure. This is the way we want to propagate the use of manure. This is bad. First, he should be allowed to have the well constructed and then we should think of manure otherwise he will not be able to meet the expenditure of the construction of well.

My District Khalimpur Kheri has always been a surplus area but due to natural calamities that place has been hit hard and there was no crop. Government should provide irrigation facilities there.

There is more mechanised farming in my State and therefore workshops should be provided at those places for the repairing of tractors. Due to the absence of repairing facilities the farmers is forced to sell the tractor at very cheap price.

The moboil oil supplied for the tractors should also be subsidized. Restrictions should be removed from the paddy pounding machines, because now even the poor people do not like to go house to house to get the paddy pounded to save their time.

श्री काशीनाथ पांडे (हाता) : समस्या के आकार को देखते हुए सरकार ने बड़ा सराहनीय काम किया है । परन्तु कुछ बातों की ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है ।

1953 से 1964 तक 1324.8 करोड़ रु० के मूल्य का अनाज आयात किया गया था । इस प्रकार हम विदेशों पर कब तक निर्भर करते रहेंगे । हमें दो बातों को याद रखना चाहिये । एक तो यह कि अनाज के लिये हमें विदेशों को एक भारी राशि देनी पड़ती है । दूसरे यह कि देश में अनाज की कमी को पूरा करना और उत्पादन बढ़ाना मुख्यरूप से सरकार का काम है । मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या वह अन्न आयात करने पर भारी रकम खर्च करने की बजाय खाद्य उत्पादन बढ़ाने के लिये काश्तकारों को कुछ सहायता देने के प्रश्न पर विचार करेंगे । काश्तकारों को सहायता देने के दो ही तरीके हैं । एक तो यह कि उनको पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं दी जायें । दूसरा यह कि उनको अच्छे बीज, उर्वरक और वित्तीय सहायता दी जाये ।

तृतीय योजना में 294.7 लाख एकड़ भूमि को सिंचाई सुविधा देने का लक्ष्य रखा गया था, जबकि केवल 231.6 लाख एकड़ भूमि को ही सिंचाई सुविधाएं दी गई हैं । यदि सिंचाई सुविधा देने की हमारी यही गति रही तो हम कभी भी खाद्य उत्पादन में वृद्धि नहीं कर पायेंगे । जब देश में अनाज की कमी होती है तो इसके लिये खाद्य मंत्री को ही दोषी ठहराया जाता है । इसलिये उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिये कि सिंचाई सुविधाओं का जो लक्ष्य है वह पूरा हो ।

माननीय उपमंत्री ने अपने भाषण में यह भी कहा कि उत्तर में दक्षिण की अपेक्षा प्रति एकड़ कम गन्ना पैदा होता है । उनकी जानकारी के लिये मैं बता देना चाहता हूं कि सारे महाराष्ट्र में प्रति एकड़ उपज अधिक नहीं है, अपितु केवल कुछ ही भाग में ऐसा है । सारे देश की चीनी की मांग को आप वहां से कभी भी पूरा नहीं कर पायेंगे । वहां की भूमि उपजाऊ है और वहां पर सिंचाई के लिये नहरें हैं । इसलिये जब तक उत्तर भारत को भी आप ये सुविधाएं नहीं देंगे आप इस प्रकार हमें चुनौती नहीं दे सकते ।

महाराष्ट्र में गन्ने से प्राप्ति अधिक होने के बावजूद भी वहां पर उपभोक्ताओं को ऊंची कीमत देनी पड़ती है ।

श्री चि० सुब्रह्मण्यम : महाराष्ट्र में कीमत सब से कम है ।

श्री काशीनाथ पांडे : उपभोक्ता क्या कीमत देता है ? आप मुकाबला करें ।

जब तक सारे देश की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं किया जायेगा किसी एक भाग में सुधार करने से कोई फायदा नहीं होगा । हाल ही में मैं राजस्थान में गंगानगर क्षेत्र में गया तो मैं ने देखा कि लोगों ने वहां पर गन्ना पैदा करना बन्द कर दिया है क्योंकि कपास की उनको अधिक कीमत मिलती है । चीनी के कारखानों के कारण ही काश्तकारों की

[श्री काशीनाथ पांडे]

आर्थिक दशा में सुधार हुआ है । इसलिये आप यह नहीं कह सकते कि ये कारखाने लाभप्रद एकक नहीं हैं, ये घाटे में चल रहे हैं, इसलिए इन्हें दक्षिण अथवा महाराष्ट्र में ले जाया जाना चाहिये ।

श्री दा० रा० चव्हाण : किसी ने ऐसा नहीं कहा है ।

श्री काशीनाथ पांडे : बहुत व्यक्ति कहते हैं ।

माननीय मंत्री जानते हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कुछ समस्याएं हैं। ये समस्याएं कोई आजकल में ही पैदा नहीं हुई हैं । सारी कोशिश के बावजूद भी ये कारखाने गुड़ और खांडसारी का मुकाबला नहीं कर सके हैं । इसके परिणामस्वरूप पश्चिम उत्तर प्रदेश के कारखानों को बीज-बीच में लगभग 5 महीने बन्द करना पड़ा था । अधिक उत्पादन की दृष्टि से सरकार ने उत्पादन शुल्क में कुछ छूट की घोषणा की थी । परन्तु इसके बावजूद भी हालत और खराब हो गई है । मजदूरों को खाली बैठने के लिये कहा गया । इस दौरान में उन्हें केवल आधा वेतन मिला। इतनी महंगाई के समय में आप सोच सकते हैं कि आधे वेतन से किस प्रकार गुजारा चल सकता है ।

मंत्रालय ने यह सुझाव दिया था कि यदि 2 या 3 लाभप्रद एकक हों तो उन्हें एक साथ मिला दिया जाना चाहिये। हिटलर ने कहा था कि दो बेवकूफों को मिला कर एक बुद्धिमान व्यक्ति नहीं बनाया जा सकता । जब तक आप इन कारखानों का विस्तार नहीं करेंगे ये लाभप्रद नहीं बन सकते। इस मंत्रालय ने रामपुर के चीनी के कारखानों को आपस में मिलने की आज्ञा दे दी थी । इससे 700 व्यक्तियों का रोजगार छिन जायेगा। मैं नहीं समझता कि ऐसा आदेश क्यों दिया गया । मंत्री महोदय इस पर गौर से विचार करें। इतनी आसानी से इसको सहन नहीं किया जायेगा। मेरा निवेदन है कि ऐसा कोई निर्णय लेने से पूर्व कार्मिक प्रतिनिधियों से परामर्श करना चाहिये ।

श्री वारियर (त्रिचुर) : मैं मंत्रालय का ध्यान अपने राज्य केरल की खाद्य स्थिति की ओर दिलाना चाहता हूं । यह कोई नई समस्या नहीं है परन्तु कभी-कभी यह बहुत ही विकटरूप धारण कर लेती है । समाचार मिला है कि इस समय लोगों को वहां पर केवल मोटा चावल दिया जा रहा है । और इसलिये त्रिवेन्द्रम के शहर में हैजा फैलना आरम्भ हो गया है । मुझे बताया गया है कि केरल के केन्द्रीय गोदामों में सेले चावल का कुछ स्कन्ध है। परन्तु उस चावल के वितरण का अधिकार सम्भरण विभाग को नहीं दिया गया है और डिपो के अधीक्षक अपनी मनमानी से उसका वितरण करते हैं। वे बहुत भेदभाव करते हैं। मैं चाहता हूं कि सरकार इस मामले की जांच करे और यह सुनिश्चित करे कि सभी स्थानों को सेला चावल समान रूप से मिले ।

दूसरी समस्या यह है कि अब मानसून आने वाली है और इन दिनों में वहां पर लोगों के पास कोई रोजगार नहीं होता और न ही उनके पास खाने के लिये कुछ होता है । इसलिये मेरा निवेदन है कि वहां अभी से काफी मात्रा में चावल भेज दिया जाये ।

खाद्य मंत्री ने घोषणा की थी कि बम्बई और कलकत्ता जैसे बड़े शहरों और केरल राज्य में कानूनीरूप से राशन जारी किया जायेगा । अब केरल में अनौपचारिक राशन

लागू किया गया है । परन्तु इसका अच्छा प्रभाव नहीं पड़ा है । कीमतें चढ़ती जा रही हैं और अब एक बोरी चावल 120 रु० का बिक रहा है । मैं समझता हूं कि इस अनौपचारिक राशन की बजाय सरकार को कानूनीरूप से राशन लागू करना चाहिये और लोगों के पेट भरने की जिम्मेवारी लेनी चाहिये ।

आंध्र से चावल खरीदने पर केरल को लगभग 100 करोड़ रु० खर्च करने पड़ते हैं । क्या इतने बड़े खर्च से एक छोटे से राज्य की अर्थव्यवस्था टूट नहीं जायेगी ? यह आश्चर्य की बात है कि आंध्र में तो चावल इतना महंगा है और तंजौर के चावल को कोई लेता नहीं है ।

दूसरे विश्व युद्ध से पूर्व हमें बर्मा का चावल पर्याप्त मात्रा में मिल जाता था और हमें चावल की समस्या का बिल्कुल अनुभव नहीं होता था । परन्तु अब हमें बर्मा का चावल देना बन्द कर दिया गया है । सरकार अब भी बर्मा और अन्य स्थानों से चावल आयात कर रही है और यदि केरल को बर्मा का चावल पर्याप्त मात्रा में दिया जाये तो हमें आंध्र के चावल के लिये अधिक मूल्य नहीं देना पड़ेगा ।

केरल से हम अपने कृषि उत्पाद का काफी बड़ा भाग निर्यात कर रहे हैं । केरल के भूतपूर्व राज्यपाल श्री गिरी ने कहा था कि यदि सरकार केरल को आयातित चावल में से पर्याप्त मात्रा में चावल नहीं देगी तो केरल को जो विदेशी मुद्रा वह अर्जित कर रहा है उससे चावल खरीदने की अनुमति दी जानी चाहिये । अन्यथा हमें रोक फसलों के स्थान पर धान की खेती करनी होगी । क्या ऐसा करना सारे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था के हित में होगा ?

मछली उद्योग के लिये सरकार ने क्या किया है ? अपने प्रतिवेदन में उन्होंने कहा है कि 4000 डीजल इंजन आवश्यक हैं और वे केवल 1,000 दे सकते हैं । गहरे समुद्र में मछली पकड़ने का प्रश्न भी है । हम नहीं जानते कि नार्वे के लोग केरल के तट पर वास्तव में मछलियां पकड़ रहे हैं या कुछ और । हाल ही में जिस प्रतिनिधिमण्डल ने जापान का दौरा किया था उसने प्रतिवेदन दिया है कि अकेला जापान ही प्रति वर्ष 20,000 झींगा आयात कर रहा है और इसमें हमारा भाग केवल 1,000 टन है । इस उद्योग का काफी विकास किया जा सकता है । आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अन्य देशों में इसकी मंडी है । अकेले झींगा उद्योग में ही मछियारों की बड़ी संख्या को लगाया जा सकता है । इससे केरल की खाद्य समस्या को सुलझाने में भी सहायता मिलेगी ।

सभी सदस्य केवल उत्पादन के बारे में ही बोल रहे हैं । यह अच्छी बात है कि उत्पादन बढ़ना चाहिये और वास्तव में हम ने अपना उत्पादन बढ़ाया भी है । पी० एल० 480 के अन्तर्गत भी हम काफी मात्रा में गेहूं आयात कर रहे हैं । परन्तु मैं पूछना चाहता हूं कि फिर भी हमारे पास अनाज की कमी क्यों है । सरकार को इस मामले की जांच करनी चाहिये । मेरा निवेदन है कि वास्तव में दोष हमारी वितरण प्रणाली में है ।

श्री पें० वेंकटासुब्बया (अडोनी) : इस मंत्रालय के सामने अनेक बाधाएं हैं । मुख्य बाधा यह है कि विभिन्न राज्य सरकारों पर इसका अच्छा नियंत्रण नहीं है । यदि हम कृषि और खाद्य की समस्या को हल करना चाहते हैं तो खाद्य मंत्री को इस सभा के सामने उपाय लाने चाहियें जिनके द्वारा विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रालयों पर प्रभावशाली नियंत्रण रखा जा सके ।

[श्री पें० वेंकटासुब्बया]

कुछ समय पहले उन्होंने कृषि के लिये एक पृथक् योजना बनाने की बात भी कही थी। मैं नहीं समझता कि इस योजना को पंचवर्षीय योजना के साथ-साथ चलाया जा सकता है। किस प्रकार वह सरकार की विभिन्न नीतियों को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने जा रहे हैं ?

हमें काश्तकारों की समस्याओं को सुलझाने के लिये उनकी कठिनाइयों को दूर करना होगा। सिंचाई की सुविधाओं को बढ़ाना होगा। सिंचाई साधनों का पूरा उपयोग नहीं किया जाता है। हमें इसके कारणों का पता लगाना होगा।

ऋण, बीज, उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा प्राप्त करने और पौधा संरक्षण उपायों के मामले में काश्तकार के सामने आज अनेक कठिनाइयां हैं। मेरा एक सुझाव है कि काश्तकार को सहकारी समिति द्वारा ऋण के लिये एक पत्र दिया जाना चाहिये जिसे दिखा कर वह जब चाहे ऋण प्राप्त कर सके। मंत्रालय मेरे इस सुझाव पर विचार करे।

बिजली देने के सम्बन्ध में मेरा यह सुझाव है कि किसानों से बिजली के पैसे वर्ष में एक बार केवल फसल के दिनों में लिये जायें।

हमारे राज्य में उर्वरक सिंचाई वाली भूमि और सूखी भूमि दोनों के लिये प्रयोग में लाया जाता है। मांग अधिक है और हम उसको पूरा नहीं कर पा रहे हैं। कल ही की बात है मंत्री जी ने बताया था कि उर्वरक मांग से लगभग 350,000 टन कम पैदा किया जाता है। इस सम्बन्ध में क्या सरकार ने इसके स्थान पर काम में आने वाली अन्य किसी वस्तु की ओर ध्यान दिया है ?

फिर कृषि सम्बन्धी नीति को क्रियान्वित करने के लिये हमारे पास उचित व्यवस्था नहीं है। किसानों की वर्तमान हालतों को देखते हुए सारी व्यवस्था में आमूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। मैं जानना चाहता हूं कि इस दिशा में सरकार क्या उपाय कर रही है।

मुझे यह जान कर खुशी हुई है कि सरकार एक अखिल भारतीय कृषि पदाली बनाने की ओर कदम उठा रही है। मुझे आशा है कि कृषकों की आशाओं को पूरा करने के लिये बहुत ही योग्य व्यक्ति इस ओर आकर्षित होंगे।

हम ने बार बार कहा है कि पौधा संरक्षण उपायों की ओर सरकार उचित ध्यान नहीं दे रही है। कृषकों को फसल के कीटाणुनाशक औषधियां किसानों को दी जानी चाहिये।

कृषकों के ट्रैक्टर आदि और खेती की अन्य मशीनों के खराब होने पर उनको ठीक करने के लिये उनके लिये तकनीकी जानकारों की सेवाओं की कोई सुविधाएं नहीं हैं जो कि होनी चाहियें।

किसान की एक और बड़ी समस्या मंडी की है। यदि किसान अपनी फसल को समय पर मंडी में नहीं लाता है तो उसको उसके परिश्रम का पूरा फल नहीं मिल सकता है। इस समय देश में जो विभिन्न संगठन काम कर रहे हैं उनमें भांडागार और विपणन सुविधाओं के सम्बन्ध में दोहरा काम है। इस काम में अनेक संगठन लगे हुए हैं और

इसके कारण मंत्रालय उन लोगों को विपणन सम्बन्धी उचित सुविधाएं नहीं दे सकता है ।

अन्त में माननीय मंत्री से मेरा यही निवेदन है कि जैसा कि श्वेत पत्र में दिया गया है किसानों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये और वे ऐसा अनुभव करें के सरकार से वित्तीय और अन्य सहायता उन्हें मिल सकती है और उन्हें अपनी उपज का अच्छा मूल्य प्राप्त हो सकता है ।

कच्छ-सिन्ध सीमा पर युद्ध-विराम सम्बन्धी बातचीत के कथित समाचार के बारे में

RE : REPORTED CEASE-FIRE TALKS ON KUTCH-SIND BORDER

श्री सुरेंद्रनाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : श्रीमान् जी, एक बहुत ही चिन्ताजनक समाचार है, और इससे पूर्व कि आप श्री अर्णे को भाषण देने के लिये कहें, हम चाहेंगे कि प्रधान मंत्री अथवा प्रतिरक्षा मंत्री इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य दें । कल हमने सभा में एक संकल्प स्वीकार किया था कि हम आक्रमणकारियों को कच्छ क्षेत्र से भगायेंगे । अब हम यह सुन रहे हैं कि युद्ध-विराम समझौते के लिये किसी ओर से प्रयत्न किये जा रहे हैं । कल यहां प्रधान मंत्री ने यथापूर्व स्थिति के बारे में कहा है । सभा को पता होना चाहिये कि इस बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : हम कल यहां पर नहीं सुनना चाहते कि युद्ध-विराम समझौता हो गया है । यदि इस सरकार द्वारा अपमानजनक युद्ध-विराम समझौता किया गया तो सारे देश में गड़बड़ी मच जायेगी। हम इस बारे में आश्वासन चाहते हैं कि संसद् को बताये बिना ऐसी कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी। श्री सुब्रह्मण्यम, जो मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्य हैं यहां बैठे हैं। वह जा कर श्री शास्त्री से कहें कि वह आज रात रेडियो पर यह संदेश प्रसारित करें कि यह समाचार निराधार है । भारत यह चाहता है कि आक्रमणकारियों को खदेड़ा जाये। क्या हम यह समझें कि हमें इस बारे में आश्वासन दिया जायेगा ?

श्री भागवत झा आजाद (भागलपुर) : हम भी इससे बहुत चिन्तित हैं । हम भी चाहते हैं कि प्रधान मंत्री सभा को यह आश्वासन दें कि आक्रमणकारी को अपनी मर्जी नहीं करने दी जायेगी ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं ने यह बात आगे पहुंचाई है ।

श्री फ्रैंक एन्थनी (नामनिर्देशित—आंग्ल-भारतीय) : प्रधान मंत्री ने पूरा पूरा आश्वासन दिया था कि जब तक यथापूर्व स्थिति कायम नहीं होती हम युद्ध-विराम के लिये सहमत नहीं होंगे। हम यह जानना चाहते हैं कि क्या यथापूर्व स्थिति का यह अर्थ होगा कि हमारे सभी क्षेत्रों को खाली किया जाये जिसमें कंजरकोट भी सम्मिलित है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम) : सरकार, संसद् की उपेक्षा कैसे कर सकती है ? यदि ऐसी स्थिति पैदा हो भी गई तो मुझे विश्वास है कि सभा में वक्तव्य दिया जायेगा ।

श्री विद्याचरण शुक्ल (महासमंद) : क्योंकि यह मामला सभा में उठाया गया है और कल समाचार-पत्रों में आ जायेगा, इसलिये मैं चाहता हूं कि सरकार इस सम्बन्ध में एक निश्चयात्मक वक्तव्य दे ताकि इस बारे में कोई भ्रम न रहे।

उपाध्यक्ष महोदय: मैंने इस सम्बन्ध में प्रधान मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्री को सूचित कर दिया है ।

श्री ब्रजराज सिंह कोटा (झालावार) : सभा के स्थगित होने से पहले हमें कुछ बताया जाना चाहिये ।

श्री शिवाजीराव शं० देशमुख (परभणी) : युद्ध-विराम की अफवाह के साथ-साथ यह भी अफवाह है कि शत्रुओं ने बियार बेट पर भी कब्जा कर लिया है । इस बारे में भी सभा को जानकारी दी जाये ।

Shri Onkar Lal Berwa (Kota) : The Prime Minister has given categorical assurance three times that until Kanjarkot is vacated by Pakistan, no cease-fire talks will be started. If the Prime Minister agrees to cease-fire now he will be going against his assurance to the country.

अनुदानों की मांगें--जारी

DEMANDS FOR GRANTS—*contd.*

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय--जारी

डा० मा० श्री० अणे (नागपुर) : माननीय सदस्यों ने चर्चा के दौरान यह जानने की इच्छा प्रकट की है कि कृषि तथा अर्थ-व्यवस्था के बारे में सरकार की क्या नीति है । सरकार की नीति यह है कि जिस चीज की आवश्यकता है, उसका यहां उत्पादन किया जाये और जो उत्पादन हो उसका हम पूरा-पूरा प्रयोग करें । जब तक कि देश इस तरीके पर नहीं चलता तब तक वह आर्थिक दृष्टि से समृद्ध नहीं हो सकता ।

जहां तक कृषि सम्बन्धी नीति का प्रश्न है आज हमें आवश्यकता इस बात की है कि देश में अधिकाधिक कृषि-जन्य वस्तुओं का उत्पादन हो । लोगों को अन्न के सम्भरण के लिए हम दूसरे देशों पर निर्भर नहीं कर सकते । इसलिये सरकार को उन सभी छोटी-छोटी बातों की ओर ध्यान देना चाहिये जिनसे उत्पादन में वृद्धि हो । इन बातों में से एक उर्वरक के बारे में है । उर्वरक का प्रयोग महत्वपूर्ण है ।

[श्री थिरुमाला राव पीठासीन हुए
SHRI THIRUMALA RAO *in the chair*]

कृषि-विभाग के प्रतिवेदन में यह कहा गया है कि :

> "देश में नाइट्रोजन वाले उर्वरकों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है । परन्तु इन उर्वरकों का उत्पादन देश में अपर्याप्त मात्रा में होने और विदेशी मुद्रा की कमी होने के कारण उर्वरक सम्बन्धी सम्पूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करना सम्भव नहीं हो सकता है । "

यह खेद का विषय है कि उर्वरक का उत्पादन आशा के अनुसार नहीं हो रहा है। इसके साथ-साथ उर्वरकों का वितरण भी ठीक नहीं होता है।

पिछले वर्ष महाराष्ट्र सरकार, विदर्भ सहकारी विक्रय समिति लिमिटेड को, जिसका मुख्य कार्यालय नागपुर में है, और जो विदर्भ के आठों जिलों में सभी समितियों के लिए थोक वितरण का काम करती है, अपेक्षित मात्रा में उर्वरक नहीं दे सकी। इसलिये इस समिति ने सरकार के परामर्श से प्रादेशिक निदेशक (एफ) कलकत्ता को उर्वरक के सम्भरण के लिये आदेश दिये। प्रादेशिक निदेशक (एफ) कलकत्ता ने इस समिति को उर्वरक भेज दिया। जब रेलवे द्वारा डिब्बों में भेजा गया यह माल प्राप्त किया गया तो मालूम हुआ कि बोरियां फटी पड़ी हैं और डिब्बों में खुला माल भी पड़ा है। सरकार को इस मामले की सूचना दी गई। 30 दिसम्बर, 1964 को महाराष्ट्र सरकार के अवर सचिव ने इस समिति को यह सूचना भेजी कि श्री पो० सी० माथुर उप-विदेशक (उर्वरक आयोजन), भारत सरकार इन शिकायतों की जांच करने के लिए विदर्भ जिला के कुछ स्थानों का दौरा करेंगे। उन्होंने केवल चार अथवा पांच केन्द्रों का दौरा किया। परन्तु इस जांच से कोई लाभ नहीं हुआ।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

इस मामले में इस समिति के सदस्यों को जो अधिकतर कृषक हैं, बहुत हानि हुई। मैं इससे सम्बन्धित सभी पत्र, मंत्री महोदय को भेजूंगा। वह इस बारे में जांच करायें और यह सुनिश्चित करें कि इस समिति के सैंकड़ों सदस्यों से, जो कि कृषक हैं, न्याय हो।

श्री मणियंगाडन (कोट्टयम) : मैं इस मंत्रालय की अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूं।

इस देश में खाद्य-स्थिति संतोषजनक नहीं है। इस के बहुत कारण हैं। परन्तु इसका सारा दोष खाद्य तथा कृषि मंत्रालय पर नहीं डाला जा सकता। उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध न होना, उर्वरक के आयात के लिए विदेशी मुद्रा की कमी, अपर्याप्त सिंचाई सम्बन्धी सुविधायें और वर्तमान सिंचाई सम्बन्धी सूविधाओं से लाभ न उठाया जाना--ये सब बातें इस स्थिति के लिए जिम्मेवार हैं।

हमे यह याद रखना चाहिये कि वर्तमान, मंत्री ने उस समय कार्यभार सम्भाला जब खाद्य स्थिति बड़ी जटिल थी। उन्होंने इस स्थिति में जो सुधार किया है उसके लिये मैं उनका धन्यवाद करता हूं।

ऐसा सुझाव दिया गया है कि नियन्त्रण हटा दिये जाने चाहिये और खाद्यान्न का व्यापार अबाध होना चाहिये। दूसरी ओर से यह भी सुझाव दिया गया है कि पूरा-पूरा नियत्रण लागू किया जाना चाहिये। हमें यह ज्ञात ही है कि किन परिस्थितियों में नियंन्त्रण लगाने पड़े हैं। इसलिये इस अभाव की स्थिति में नियन्त्रण हटाया जाना ठीक नहीं है।

खाद्य निगम तथा कृषि मूल्य आयोग के स्थापित किये जाने का स्वागत है और मुझे आशा है कि ये दोनों संस्थायें भली प्रकार कार्य करेंगी।

जहां तक केरल का सम्बन्ध है, वहां खाद्यान्न की स्थिति बहुत शोचनीय है। कुछ समय पूर्व वहां अनौपचारिक रूप से राशन व्यवस्था चालू की गई थी और वह अब तक

[श्री मणिरंगाडन]

चल रही है । वहां राशन की मात्रा बहुत थोड़ी है, खाद्यान्न की किस्म भी बहुत बुरी है । केरल के लोग गेहूं नहीं खाते और वे चावल खाने के अभ्यस्त हैं। खुले बाजार में चावल मिलने के लिए कदम उठाये जाने चाहियें। जिन स्थानों से खुले बाजार में चावल आता है, उन्हें बन्द नहीं किया जाना चाहिये। परन्तु आज केरल में यह हो रहा है कि जो कुछ खाद्यान्न वहां पैदा होता है, उसे सरकार उद्ग्रहण प्रणाली (प्रोक्योरमेंट स्कीम) के अन्तर्गत ले लेती है। इस पर आन्ध्र तथा मद्रास राज्य से केरल में चावल लाने की अनुमति नहीं दी जाती। मैं यह सुझाव देता हूं कि केरल में उद्ग्रहण प्रणाली बिल्कुल समाप्त की जानी चाहिये और पड़ौसी राज्यों से केरल में चावल लाने के लिए अनुमति दी जानी चाहिये। यदि ऐसा किया गया तो स्थिति में सुधार होगा और खुले बाजार में मूल्य गिर जायेंगे।

आजकल वहां रशान की मात्रा 80 ग्राम चावल तथा 80 ग्राम गेहूं है। यह एक व्यक्ति के लिए पर्याप्त नहीं है। इस कमी को पूरा करने के लिए खुले बाजार में चावल मिलना बड़ा आवश्यक है। वहां चावल के मूल्य बढ़ जाने से स्थिति फिर गम्भीर हो रही है। मैं माननीय मंत्री से निवेदन करता हूं कि वह इसकी जांच करें।

केरल में सरकार द्वारा उद्ग्रहण के लिए मूल्य निर्धारित किये गये हैं। पहले तो मैं यह कहूंगा कि उद्ग्रहण बिल्कुल हटा दिया जाना चाहिये। धान के जो भी मूल्य हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। इन मूल्यों का उत्पादन-व्यय से कोई सम्बन्ध नहीं है। यदि किसान को मूल्य सम्बन्धी कोई प्रोत्साहन दिया जाना है, तो उसे ऊंचे मूल्य दिये जाने चाहिये। कुट्टानद में कच्चे बांध बनाये जाने के बजाये सरकारी खर्च पर पक्के बान्ध बनाये जाने चाहिये ताकि उत्पादन-मूल्य में कमी हो। बिजली तथा उर्वरक सस्ते दामों पर उपलब्ध करने चाहियें। बहुत पूर्व पहले थान्निरमुक्कम बांध का निर्माण-कार्य आरम्भ किया गया था परन्तु इस कार्य में बहुत कम प्रगति हो रही है। यदि इस काम में तेजी लाई गई और दूसरे सुझावों पर अमल किया गया तो कुट्टानद क्षेत्र में धान का उत्पादन व्यय बहुत कम होगा और इस सम्बन्ध में अधिक कठिनाई नहीं होगी।

अनौपचारिक रूप से राशन व्यवस्था लागू होने के बाद केरल में उचित मूल्य की दुकानें बन्द कर दी गई हैं। खाद्य स्थिति में सुधार करने के लिए वहां ये दुकानें फिर से खोली जानी चाहिये।

मूल्यों में उतार चढ़ाव होने के कारण कृषक वहां तेपिओका की फसल नहीं उगा रहे हैं। कृषकों को तेपिओका के न्यूनतम मूल्य सुनिश्चित कराये जाने चाहियें ताकि वे इसकी फसल उगायें। मैं यह भी कहूंगा कि कम से कम आगामी तीन या चार मास के दौरान राशन की मात्रा बढ़ा दी जानी चाहिये। पिछले वर्ष इस अविधि के दौरान उचित-मूल्यों की दुकानों द्वारा अधिक चावल उपलब्ध कराया जा रहा था।

तीसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान इस राज्य में कोई नई सिंचाई योजना आरम्भ नहीं की गई। दूसरी योजना के दौरान आरम्भ की गई योजनायें अभी भी अधूरी हैं। वहां अधिक सिंचाई योजनायें लागू की जानी चाहिये। जिन भूमियों पर एक ही फसल उगाई जाती है, वहां दो फसलें उगाई जानी चाहियें।

मुझे खेद है कि इस प्रतिवेदन में नारियल बागान आदि के बारे में कुछ नहीं कहा गया है । नारियल बागान की स्थिति गम्भीर है । वहां अनुसन्धान-कार्य हो रहा है, परन्तु मेरा सुझाव है कि वह कार्य गम्भीरतापूर्वक किया जाना चाहिये ।

Shri Onkar Lal Berwa (Kotah): I have found from the Report of this Ministry that although we have incurred huge amounts yet the dividend received is negligible. Today the people of Rajasthan are in very bad plight. Twenty Lakh farmers there, possess no land and even where, they have any land they have no water for irrigation.

It is regrettable that even in spite of so many years after we attained independence we are still depending upon foreign countries for our food requirements. We have imported 6285·9 metric tonnes of foodgrains from different countries.

There is water scarcity in Rajasthan. One hundred and fifty tube-wells were sanctioned there but only 37 have been installed and out of these 37 tube-wells only 13 are working and 24 are out of order. There is enough land in Rajasthan but the irrigation facilities are far from being satisfactory. If adequate water supply is assured to the farmers there, they can produce sufficient foodgrains in that area.

In so far as agricultural schools and colleges are concerned, proper attention has not been paid towards Rajasthan. It is necessary that more agricultural schools and colleges are opened; in fact agriculture should be a compulsory subject from third or fourth class in the schools. One agricultural school should be opened in Kotah.

The consumption of fertilizer is on the increase. Imported fertilizer is costly. Training should also be imparted to the peasants in the use of manure. Foreign Exchange worth rupees fifteen lakhs was not sanctioned to Sindri Fertilizer Factory but the Government incurred a loss of rupees ten crores by importing fertilizer.

There is a dairy farm in our area which is not being managed properly. A plant was purchased at the cost of rupees 3·83 lakhs in 1960-61 but that has not been put to any use. Warehouses are constructed but nothing is stored in them.

On the advice of the Government officials, the farmers in kotah and Bundi cultivated sugarcane. But in the absence of a sugar mill in that area, the whole crop of sugar cane is going waste. Steps should be taken to set up a sugar mill in that area.

The foodgrains requirements of the states were to the tune of eight lakh tons. But the Government supplied only two lakh tons. Consequent to this the people have been put to great difficulty. Four ounce ration in Rajasthan is not at all sufficient. Even the imported wheat has been controlled.

If the Government is earnest in helping the peasants, they should help them in proper way. At present only fifty rupees are given to them for sinking a well whereas they require rupees 500 for this purpose.

The farmers should be assured of a remunerative price of the produce and only then he will take interest in increasing production.

Shri N. N. Patel (Bulsar) : In 1947, the late shri Jawahar Lal Nehru broadcast a message to the nation in which he asked the people to grow more food. He asked them to use the kitchen gardens also for growing foodgrains. If agricultural production is to be increased, the vast tracts of cultivable waste land in the country must be brought under the plough. Large areas of land which are lying unutilized on both sides of the railway lines should be brought under cultivation.

Of course, the production of foodgrains has increased in the country but this increase is eaten away by the rise in population. In the rural areas the population is increasing very repidly. If effective measures are not taken to check it, the problem of food shortage can never be solved. We should solve this problem of rising population in consultation with the Ministry of Health.

Large areas of land in the possession of big industrialists are lying waste at some places; something must be done so that this land is utilized for cultivation purposes. The Government should consider over this matter.

It is seen that the sewage of big cities, and night-soil is not used as manure The Government should think about such schemes so that the sewage is utilized for agricultural purposes.

On one hand the Government want increase in production and sanctions loans, taccavi etc. for the purpose but on the other hand freight rates for fruits has been increased exorbitantly. This only results in discouragement to the farmers. It is observed from the revised freight rates for fruits effective from 1-4-1965 it is sure that the rates have almost been doubled on all packages. How far is it proper to charge such high rates and expect increase in production ? At least 25,000 baskets of mangoes are sent to Bombay and Delhi from Bulsar District. Similarly there has been 100% increase in the freight rates of Chikoo-baskets. I will appeal to hon. Food Minister to take up this matter of reducing these freight rates with the Railway Minister so that the growers may be encouraged to increase their production.

Shri Gulshan (Bhatinda) : Mr. Deputy Speaker, our country is passing through a critical period. To face this crises successfully we have to equip our army with latest type of arms to meet the external threat and to make available latest equipment and implements, manure, seeds etc. to the agriculturist and to ensure fair price for their produce to meet the crisis at the home front. Agriculture accounts for 40 per cent of our income and 6·30 crores of families are dependent on it for their living.

While the Government are engaged in taking all possible measures to defend the country against aggression by an outside enemy and his evil intention, they should not sleep over the internal danger posed by the anti-social elements such as profiteers, black-marketeers, speculaters, hoarders, etc. Government should not bother about small firms but try to lay hand on the big capitalists, who exploid the situation for their personal gains.

The new crop is about to start arriving in the market but wheat was being sold in Punjab at the rate of Rs. 83 per quintal only ten days back. Then, there is large-scale adulteration in all articles whether it be pulses, spices, turmeric, soap, salt soap, ghee, milk or even drugs. I mean to say that you cannot get any thing these days which is pure. Even cloth, iron, copper, brass, gold, silver have not been spared. The position has deteriorated to such an extent that even poison may be adulterated.

While addressing a congress Committee meeting in Allahabad, the Prime Minister said that the prices will come down with the arrival of new produce in the market. But contrary to this expectation the prices of mustard, linseed oil etc. have gone up by Rs. 10 per quintal. Government of Gujarat have announced on award of Rs. 500 to a person giving information regarding smuggling out of wheat from the State. Am I to understand that the Government Intelligence Service has become ineffective?

Then, vast areas of land are lying uncultivated by the side of railway lines, road, canals etc. which, if allotted to the landless, can help the country to overcome food shortage. Not only that, acres of land is wasted by providing vast compounds enclosing the residences of ministers and Government Officers. Similarly hundreds acres of land is wasted in providing lawns etc. in and around the Samadhis of leaders.

The Zonal scheme of the Government resticting the inter-state movement of foodgrains only helps the capitalist in hoarding. This should be scrapped. The grain dealers should be allowed only a reasonable margin of profit restricting it to the interest on investment. Tubewells should be dug in the areas where there is water-scarcity. Electricity and diesel for the tractors and tube-wells should be supplied at cheap rates. The fallow land should be given to the landless. Middleman should not be allowed to take away the major share in the sale proceeds of the agricultural produce.

कच्छ-सिंध सीमा पर युद्ध-विराम संबंधी बातचीत के कथित समाचार के बारे में—जारी

RE: REPORTED CEASE-FIRE TALKS ON KUTCH-SIND BORDER—*contd.*

श्री नाथपाई (राजापुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने कहा था कि प्रधान मंत्री आयेंगे ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने कहला भेजा है ।

Shri Prakash Vir Shastri (Bijnor) : The Prime Minister is coming or not ?

उपाध्यक्ष महोदय : मुझे अभी तक उनसे कोई सन्देश प्राप्त नहीं हुआ है ।

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री चि० सुब्रह्मण्यम) : मैं यह कहता हूं कि आज कोई वक्तव्य नहीं दिया जाना है ।

श्री नाथ पाई : यह सभा की पूर्ण अवहेलना तथा अपमान है। एक पक्ष नहीं बल्कि सभा के सभी पक्षों की ओर से यह प्रार्थना की गई थी ।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : हमें नहीं मालूम कि क्या हो रहा है । हम जानना चाहते हैं कि क्या पाकिस्तान सरकार अथवा किसी मध्यस्थ तथा प्रधान मंत्री अथवा उनके प्रतिनिधि के बीच संसद् को बताये बिना पाकिस्तानी सेना के हमारे राज्य-क्षेत्र से पीछे हटे बिना ही युद्ध-विराम के बारे में कोई बातचीत हो रही है ?

श्री चि० सुब्रह्मण्यम्: यह बहुत अजीब बात है । जैसी स्थिति होती है हम उसके अनुसार कार्य करते हैं और जब आवश्यक होगा एक वक्तव्य दिया जायेगा ।

श्री नाथ पाई : क्या वे हमें यह आश्वासन दे सकते हैं कि आक्रमणकारी के साथ कोई ऐसा समझौता नहीं किया जायेगा जिसमें अपनी एक इंच भी भूमि देने की बात हो तथा जो सभा के संकल्प के प्रतिकूल हो ?

श्री कमलापति त्रिपाठी (वर्धा) : यह बहुत गम्भीर तथा अवलम्बनीय महत्व का मामला है। मैं समझता हूं कि सभा को यह बताना आवश्यक नहीं है कि सरकार क्या कर रही है। यदि विरोधी दल के नेताओं से बातचीत कर लेना पर्याप्त होगा।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री सुब्रह्मण्यम प्रधान मंत्री को माननीय सदस्यों की भावना से अवगत करा देंगे।

अनुदानों की मांगें—जारी

DEMANDS FOR GRANTS—*contd.*

Shri K. N. Tiwary (Bagaha) : Mr. Deputy Speaker, I rise to support the Demands of the Ministry of Food and Agriculture. I also thank the hon. Minister for some of the outstanding feature of his agricultural policy. There has been stability in prices this year. The farmers are feeding the developing industries, army and the entire population. Agricultural products account for half of our foreign exchange earnings. Whether it be jute, sugar, cashewnut or any other commodity.

There has been 2·5 point increase in population as compared to 3 point increase in our agricultural production. There is a controversy as to whether agricultural production in India can at all increase as envisaged in the Five Year Plans. Prof. Arthur Lewis for instance in his model of Indian Economic Growth (1955) assumed that even with the least effort food output in India can be raised only by a total of about 45% between 1955 and 1980. Whereas on the other hand the Ford Foundation team felt that pushing up the low performance to the high levels attained by some Indian farmers would not be difficult of achievement, provided better techniques and implements were made available along with the intensive use of good seeds, manures and irrigation. These things are repeatedly emphasised by Government but the difficulty is that these things are not properly implemented at the lowest level. This is primarily due to the fact that the policy making part of it is the concern of the Agriculture Ministry and its implementation is entrusted to the Ministry of Community Development. In this connection I would suggest that the recommendations of the Shankar Committee appointed by the Union Government should be implemented. The second point that I will like to stress is that there should be a Central policy for the whole of India in regard to food production.

Next I will like to say a few words about zones. I will instead suggest a graded levy per acre. These zonal restrictions are threatening the integration of the country. In Bombay, Maharashtra and other places, State Governments impose restriction on the movement of coarse grains and pulses though that is not the intention of the Central Government. Zonal system is not going to work, it should be scrapped as early as possible.

Then, a scientific basis is yet to be evolved for price fixation. There should be some machinery for working out cost of production fingres at all levels,

from district to Province levels. The production of sugar is likely to be of the order of 31 lakh tons. Thus there will be a surplus of 5 lakh tons after meeting internal needs. This should be imported for earning foreign exchange. The mill-owners should be advanced money by banks on this surplus quantity as well so that they may pay the pay to the growers. The sanction to expansion proposals of the old sugar mills should be accorded expeditiously and in time otherwise the sugarcane will rot in the fields.

Shrimati Ganga Devi (Mohanlalganj) : Mr. Deputy Speaker, the food problem has been a constant irritant after the independence and the prices o foodgrains have been rising constantly. In 1963-64 we had to witness some very untoward incidents. I must thank the hon. Food Minister for his tactfully handling the explosive situation.

India is a vast agricultural country and almost all foodstuffs and fruits are produced here. During the first Five Year Plan Rs. 361 crores were spent on agriculture and food production apart from an expenditure of Rs. 561 crores on irrigation. Similarly during the Second Five Year Plan 20% of the Plan allocation was provided for agriculture and irrigation. Again during the third Plan an amount of Rs. 1718 crores, 20% of the total plan expenditure, was earmarked for the purpose. In spite of this heavy expenditure there has been no appreciable progress in regard to food production and the prices are still rising.

The lack of planning in the right perspective is responsible for this state of affairs. The expenditure to the extent of crores of rupees incurred on creation of new posts, opening of new offices and construction of big dams could be more usefully employed in providing fertilisers, seeds and irrigational facilities to the farmers and digging of tube wells in each and every village in the country. This would have not only solved the water problem of the agriculturist but had also helped the farmer to increase the production fourfold.

We are surrounded by enemies on all sides. We depend on foreign countries for our food supplies. The crisis can well be imagined that will develop if these foreign supplies are stopped. Therefore, it is of paramount necessity that we provide sufficient funds for the development of agriculture instead of incurring expenditure on other projects. The Third Plan is coming to an but still a big leeway is yet to made in regard to food target of food production of 105 million tons. What we have achieved is an agricultural production of 90 million tons.

There are many reasons for the production falling short of the target. Though Zamindari system has been abolished but the land has not been distributed to the farmers who toil in the fields and the earstwhile Zamindars have become the owners of big farms. The produce of these farms goes underground and is sold in the black market. I appeal to the Government to take deterrent action against such anti-social elements. The distribution of land to the landless agriculturists would have gone a far away in achieving self-sufficiency in food. In spite of the statutory provision to give priority to landless farmers, the fallow land was not given to them. In this democratic and socialist age we are acting on the principle of survival of the fittest.

The farmer needs fertiliser, irrigation facilities and proper climate. Food Corporation has been established to pocure food grains at reasonable rates and sell it to the public at a fair price. I fail to understand why it has not been opened in Delhi or Uttar Pradesh which is predominantly an agricultural area.

श्री शिवाजी राव शं० देशमुख (परभणी): उपाध्यक्ष महोदय आज इस समय हमारा ध्यान कच्छ सिंध सीमा पर होने वाली घटनाओं पर लगा हुआ है। लेकिन मेरी यह भावना है कि हमारे खेतों और कारखानों में क्या हो रहा है, इसका कच्छ सिंध की घटनाओं से संबंध है। मेरा माननीय खाद्य तथा कृषि मंत्री से अनुरोध है कि वे कृषि की भलाई के लिये समुचित ध्यान दें न केवल खाद्य विभाग की ओर विशेष ध्यान दें। आज के किसान के मन में यह भावना बैठ गई कि किसानों की स्थिति व कृषि की उन्नति कर ने का नारा लगाने वाले राजनीतिज्ञों व सतारूढ़ दल ने अपना कर्त्तव्य नहीं निभाया है। हम माननीय मंत्री जी को हर सहयोग प्रदान करने के लिये तैयार हैं यदि वे भारत के किसानों के हित के लिये कुछ करें ।

हमारी मूल्य नियन्त्रण नीति कुछ ठीक नहीं है। गेहूं के स्थैर्य मूल्य (सपोर्ट प्राइस) के बारे में सिफारिश करने के लिये झा समिति नियुक्त की गई थी। उसने सिफारिश कि गेहूं का स्थैर्य मूल्य 40 रु० से 50 रु० प्रति क्विंटल होना चाहिये जो न्यायोचित नहीं है। यह खेद की बात है कि किसानों को उनकी उपज के आज भी वही मूल्य मिल रहे हैं जो उन्हें 12 वर्ष पहले मिलते थे। मूल्य समर्थन तथा मूल्य संबंधी नीति लाभप्रद मूल्य के सिद्धान्त पर आधारित होनी चाहिये।

हमें आशा थी कि खाद्य व्यापार निगम समाहार मूल्य के बारे में किसानों के हित में कार्य करेगा, किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि यह आशा पूरी नहीं हो रही है। यह निगम पंजाब में किसानों के हित के लिये कोई भी कार्य नहीं कर रहा है। निगम का मुख्यालय मद्रास में रखा गया है जहां से वह पंजाब जैसे सुदूर स्थानों में सक्रिय रूप से कार्य करने में असमर्थ है अथवा कार्य करना नहीं चाहता है। यह खराब स्थिति क्षेत्रीय प्रणाली को समाप्त करने में हिचकिचाहट दिखाने के कारण पैदा हुई है। इसके अतिरिक्त सरकार ने कभी न तो कमी वाले राज्यों में मूल्यों को अनावश्यक रूप से बढ़ने से रोकने का प्रयत्न किया है और न आवश्यकता से अधिक उत्पादन करने वाले राज्यों में गिरने से। इसका परिणाम यह है कि बाहुल वाले राज्यों में किसानों को हानि होती है। और कमी वाले राज्यों के किसानों को किसी प्रकार का लाभ नहीं पहुंचता क्योंकि कमी वाले राज्यों में समाहार के संबंध में एकाधिकार प्रणाली विद्यमान है।

कृषि संबंधी सभी खराबियों के लिये केन्द्रीय सरकार उत्तरदायी है। केन्द्रीय सरकार के निर्णयों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित नहीं किया जाता है। केन्द्रीय सरकार भी इस ओर अधिक ध्यान नहीं देती है। यदि वास्तव में कृषि में सुधार करके उत्पादन बढ़ाना है तो केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रतिपादित नीतियों को राज्यों द्वारा उचित ढंग से कार्यरूप देना चाहिये।

चीनी के उत्पादन के संबंध में भी स्थिति निराशाजनक है। खाद्य उपमंत्री महोदय ने कहा था कि जिस समय चीनी का अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य 105 पौंड प्रति टन था उस समय हम उसके निर्यात करने की स्थिति में नहीं थे। चीनी का निर्यात न कर सकने का मुख्य कारण यह था कि एक वर्ष पूर्व जब सभा ने एक मत होकर यह मांग की थी कि 9 प्रतिशत प्राप्ति वाले गन्ने का मूल्य 2 रुपये प्रतिटन निर्धारित किया जाना चाहिये तो सरकार ने इसकी उपेक्षा की थी। इसका परिणाम यह हुआ कि गन्ना उत्पादन करने वाले क्षेत्रों में चीनी के स्थान पर गुड़ का उत्पादन होने लगा और हम चीनी का उत्पादन 25 लाख टन भी नहीं कर पाये जब कि सरकार का कहना था कि हम 30 लाख टन चीनी का उत्पादन कर लेंगे। यदि हमने चीनी का उत्पादन अधिक करके उसका निर्यात किया होता तो हम काफी विदेशी मुद्रा कमा लेते। सरकार उत्पादन में कमी के लिये सदैव प्रकृति को दोषी ठहराती है जो अनुचित बात है। यदि सरकार उचित नीति से काम ले तो दैवी कठिनाइयां काफी हद तक नियंत्रित की जा सकती हैं।

सरकार ने कभी यह नहीं सोचा कि वैज्ञानिक ढंग से किस प्रकार मूल्य निर्धारित किये जाते हैं। यह सराहनीय बात है कि सरकार ने कृषि मूल्य आयोग की स्थापना की है किन्तु इस आयोग में जब तक कृषकों और कृषि विशेषज्ञों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता तब तक इस से कृषकों को किसी प्रकार का लाभ नहीं पहुंच सकता है।

सूती कपड़े के संबंध में सूती कपड़ा बोर्ड ने यह निर्णय किया था कि जो कपास का अधिकतम मूल्य होगा वही सूती कपड़े का न्यूनतम मूल्य होना चाहिये और अधिकतम सीमा हटा दी जानी चाहिये। किन्तु सरकार बोर्ड के इस निर्णय से सहमत नहीं है। सरकार के इस प्रकार के दृष्टिकोण से यह साबित होता है कि हमारी सभी आर्थिक नीतियों का केवल एक यही उद्देश्य है कि निजी पूंजीपतियों तथा एकाधिपतियों के हितों की रक्षा करना।

चौथी पंचवर्षीय योजना में कुल निर्धारित राशि का कृषि के लिये केवल 23 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। यह सभी जानते हैं कि हमारी राष्ट्रीय आय का 50 प्रतिशत भाग कृषि से प्राप्त होता है तथा निर्यात का भी 50 प्रतिशत भाग कृषि से प्राप्त होता है। किन्तु इसके लिये केवल 23 प्रतिशत भाग रखा गया है। यदि मंत्री महोदय इस राशि में वृद्धि करने की मांग नहीं करेंगे तो हमारा कृषि उत्पादन नहीं बढ़ सकेगा।

मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूं कि वैज्ञानिक ढंग से कृषि की प्रगति करने के लिये यथासंभव प्रयत्न किये जाने चाहियें।

Shri Yashpal Singh (Kairana) : I beg to move that the time may be extended by one hour for it.

कुछ माननीय सदस्य : हम आठ बजे तक बैठ सकते हैं।

श्री स० चं० सामन्त : सभा में गणपूर्ति नहीं है। समय कैसे बढ़ाया जा सकता है।

उपाध्यक्ष महोदय : सभा में गणपूर्ति नहीं है। सभा कल ग्यारह बजे तक के लिऐं स्थगित होती है।

इसके पश्चात लोक सभा शुक्रवार 30 अप्रैल, 1965/10 वैशाख, 1887 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, April 30, 1965/Vaisakha 10, 1887 (Saka).

GMGIPND—LSIII—716 (Ai) LS—29-7-65—600.